

दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 16/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शुक्रवार 02 अगस्त 2024 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in


## शेयर बाजार का हाल बेहाल, सेंसेक्स 750 अंक फिसला, निफ्टी 24800 के नीचे

मुम्बई। अमेरिका में वृद्धि दर से जुड़ी चिंताओं के कारण वॉल स्ट्रीट पर बिकवाली और एशियाई बाजारों में गिरावट के बाद, भारतीय शेयर बाजार में भी मंदी देखी गई। शुक्रवार को निफ्टी और सेंसेक्स तेजी से नीचे खुले, जबकि बैंकिंग, ऑटो, आईटी और ऊर्जा सेक्टर के शेयरों में भारी गिरावट आई। सुबह 9:48 बजे के आसपास, बीएसई सेंसेक्स 800 अंक गिरकर 81,026 पर और निफ्टी50 282 अंक गिरकर 24,728 पर कारोबार करता नजर आया।



# केदारनाथ में सैकड़ों श्रद्धालु फंसे, 16 की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में भारी बारिश और लैंडस्लाइड के बाद केदारनाथ यात्रा दो दिन के लिए रोक दी गई है। राज्य में 48 घंटे के लिए भारी बारिश का अलर्ट है। इसके चलते एनडीआरएफ की 12 और एसडीआरएफ की 60 टीमें तैनात की गई हैं।







बारिश के कारण हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, रुद्रप्रयाग और नैनीताल में अब तक 16 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि केदारनाथ में बादल फटने से पैदल रूट पर लिनचोली और भीमबली के पास 2000 से ज्यादा लोग फंसे हैं। इन्हें निकालने के लिए 5 हेलिकॉप्टर लगाए गए हैं। केदारनाथ रूट में फंसे यात्रियों को बचाने के लिए एनडीआरएफ तैनात की गई है। मुनकटिया से 450 लोगों को सुरक्षित सोनप्रयाग पहुंचाया गया। बाकी लोगों का रेस्क्यू चिनूक और एमआई-17 हेलिकॉप्टर से हो रहा है।

केदारनाथ में फंसे शिवपुरी के 61 श्रद्धालु

केदारनाथ की धार्मिक यात्रा पर गए शिवपुरी जिले के बदरवास कस्बे के 61 यात्री बादल फटने के बाद फंस गए। जानकारी मिलने के बाद मप्र और उत्तराखंड की सरकारें सक्रिय हुईं और हेलीकॉप्टर के जरिए श्रृद्धालुओं को रेस्क्यू किया गया। सीएम डॉ मोहन यादव ने देर रात ट्वीट कर जानकारी दी। सीएम ने अपने ट्वीट में लिखा- चारधाम की यात्रा के दौरान केदारनाथ में फंसे म.प्र. के 61 यात्रियों में से 51 यात्रियों को आज एयरलिफ्ट कर सुरक्षित रुद्रप्रयाग पहुंचाया गया है। बाकी 10 यात्री केदारनाथ में ही सुरक्षित स्थान पर हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि शिवपुरी के बदरवास क्षेत्र के कुल 61 लोग एक बस तथा अन्य चार पहिया वाहन लेकर केदारनाथ दर्शन के लिए गए थे, जो भूस्खलन के कारण वहां फंस गए।

### 5 जगह बादल फटे, 48 लोग लापता

1 अगस्त को हिमाचल प्रदेश में 5 जगह बादल फटने से 53 लोग लापता हो गए। इनमें से 5 के शव बरामद कर दिए गए, जबकि 48 लोग अभी भी लापता हैं। उनकी तलाश में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ पुलिस और होम गार्ड जवान सर्च ऑपरेशन चलाए हुए हैं। शिमला के समेज में रेस्क्यू दल को अब तक कामयाबी नहीं मिल पाई। यहां लापता 36 लोगों में से एक का भी अब तक सुराग नहीं लग पाया। एक व्यक्ति के शरीर के कुछ अंग जरूर मिले हैं।

## वायनाड लैंडस्लाइड: सेना ने 4 लोगों को जिंदा निकाला, अब तक 318 मौतें, 206 लापता

केरल के वायनाड में 29-30 जुलाई की रात 2 बजे से 4 बजे के बीच लैंडस्लाइड की 4 घटनाएं हुई थीं। चार गांव बह गए थे। हादसे के चौथे दिन सेना ने 4 लोगों को जिंदा निकाला। इनमें दो महिला और पुरूष हैं। ये पदावेट्टी कुन्नू में



फंसे हुए थे। हादसे में अब तक मरने वालों की संख्या 313 हो गई हैं। 130 लोग अस्पताल में हैं, जबकि हादसे के चार दिन बाद भी 206 लोग लापता हैं। सेना अब मोबाइल के लास्ट लोकेशन के हिसाब से लोगों को ढूंढ़ने का काम कर रही है। आर्मी के जनरल ऑफिसर कमांडिग मेजर जनरल वीटी मैथ्यू ने कहा कि मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो चुका है। अब केवल डेडबॉडी ढूंढ़ी जा रही हैं।मौसम विभाग ने 2 अगस्त को वायनाड में बारिश का अलर्ट जारी किया है।



प्रदेश की राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने आज केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से भेंट की एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया।

सांध्यप्रकाश विशेष

## गुजरात में 18 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के तबादले,एमके दास सीएमऔर गृह विभाग के एसीएस बने




**गांधीनगर।** गुजरात सरकार ने कल रात बड़े पैमाने पर वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के तबादले किए है। इस फेरबदल में 18 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल किया गया है।

### पूरी तबादला सूची इस प्रकार है

पंकज जोशी (आईएएस 1989), जो वर्तमान में मुख्यमंत्री के ष्टस् हैं, को ष्टस् बंदरगाह एवं परिवहन विभाग का प्रभार दिया गया है। इससे पहले, एमके दास बंदरगाह एवं परिवहन का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे।

एमके दास (आईएएस 1990) को मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है, साथ ही उन्हें अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। इससे पहले, दास एसीएस, राजस्व विभाग के रूप में कार्यरत थे। इसके अलावा, दास एसीएस, गृह का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे। यह पद अमरेंद्र कुमार राकेश (आईएएस -1989) के 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होने के बाद से रिक्त है।

सुनैना तोमर (आईएएस 1989) अब शिक्षा विभाग (उच्च एवं तकनीकी शिक्षा) की अतिरिक्त मुख्य सचिव (आईएएस) पदस्थ की गई हैं। वे मुकेश कुमार की जगह लेंगी। वे सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव का कार्यभार भी संभालेंगी।

डॉ. जयंती एस रवि (आईएएस 1991) को एमके दास के स्थान पर राजस्व विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। ऑरोविले फाउंडेशन में सचिव के रूप में प्रतिनियुक्ति का कार्यकाल पूरा करने के बाद उन्हें हाल ही में राज्य कैडर में वापस भेज दिया गया।

डॉ. अंजू शर्मा (आईएएस -1991) अब कृषि, किसान कल्याण और सहकारिता विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव पदस्थ की गई हैं। इससे पहले वे श्रम, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव थीं।

एसजे हैदर (आईएएस 1991) को ममता वर्मा (आईएएस) के स्थान पर ऊर्जा एवं पेट्रोकेमिकल्स विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। इससे पहले हैदर एसीएस, उद्योग एवं खान के पद पर कार्यरत थे।

ममता वर्मा (आईएएस -1996) अब उद्योग एवं खान विभाग की प्रधान सचिव हैं। वे एसजे हैदर की जगह लेंगी।

जगदीश प्रसाद गुप्ता (आईएएस -1991) अब डॉ. एस मुरली कृष्ण (आईएएस) के स्थान पर आदिवासी विकास विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव बनाई गई है। इससे पहले जेपी गुप्ता वित्त विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत थे।

डॉ. टी नटराजन (आईएएस-1996) अब जेपी गुप्ता के स्थान पर वित्त विभाग सचिवालय, गांधीनगर के प्रधान सचिव नियुक्त किए गए हैं।

मुकेश कुमार (आईएएस-1996-) अब शिक्षा विभाग (प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा) के प्रधान सचिव नियुक्त किए गए हैं। इससे पहले मुकेश कुमार शिक्षा (उच्च एवं तकनीकी शिक्षा) के प्रधान सचिव थे।

राजीव टोपनो (आईएएस-1996) अब अहमदाबाद में राज्य कर के मुख्य आयुक्त बनाए गए हैं। हाल ही में वाशिंगटन डीसी में विदेशी पोस्टिंग पूरी होने के बाद वे राज्य कैडर में वापस आ गए हैं।

डॉ. एस मुरली कृष्णा (आईएएस-1998) को राज्य चुनाव आयोग के आयुक्त के विशेष कार्य अधिकारी के रूप में नियुक्त किए जाने की उम्मीद है। उनकी सेवाएँ राज्य चुनाव आयोग के अधीन हैं।

डॉ. विनोद रामचंद्र राव (आईएएस-2000) श्रम, कौशल विकास और रोजगार सचिव के रूप में डॉ. अंजू शर्मा का स्थान लेंगे।



# मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की मंत्रालय में समीक्षा की

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की मंत्रालय में समीक्षा की। इस बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, मुख्य सचिव वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव डा. राजेश राजौरा एवं विभाग के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में नागरिक आपूर्ति की व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई। राशन वितरण को लेकर भी समीक्षा हुई इसमें और सुधार के निर्देश दिए गए।

## रीवा-भोपाल के मध्य नई ट्रेन को मुख्यमंत्री हरी झंडी दिखाएंगे



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज रात को रीवा-भोपाल के मध्य नई ट्रेन को भोपाल से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रीवा-भोपाल के मध्य नवीन ट्रेन संचालन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि रीवा से भोपाल के बीच यात्रियों की लंबी वेटिंग रहती थी, इस नवीन ट्रेन के संचालन से आमजन को बड़ी राहत मिलेगी। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि विंध्य क्षेत्र के निवासियों के लिए यह एक बड़ी सौग़ात है। उल्लेखनीय है कि यह नई रेल-सेवा (22145/46) 2 अगस्त से प्रारंभ हो रही है। भोपाल से यह ट्रेन शुक्रवार और रविवार को रात्रि 11 बजे चलेगी और रानी कमलापति, इटारसी, जबलपुर होकर अगले दिन सुबह 9.15 बजे रीवा पहुंचेगी। इसी तरह यह ट्रेन रीवा से शनिवार और सोमवार की रात 10.30 बजे चलेगी तथा सुबह 8.05 बजे भोपाल पहुंचेगी।

संसद में स्वप्निल कुसाले को बधाई, बजट को लेकर विपक्ष के हमले जारी

# पीएम मोदी ने 22 विश्वस्तरीय संस्थान बनाए: जेपी नड्डा

**नई दिल्ली।** संसद के मॉनसून सत्र का आज 10वां दिन है। इस सत्र में आम बजट 2024 पर चर्चा हो रही है। बजट को लेकर विपक्ष सरकार को लगातार घेर रहा है। वहीं, आज भी वायनाड भूस्खलन मुद्दे पर बहस हो सकती है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 50 मीटर राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर स्वप्निल कुसाले को बधाई दी।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने लोकसभा में कहा, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान का हमारा विजन यह है कि देश के हर कोने से लोगों को अपने इलाज के लिए दिल्ली न आना पड़े। जिस तरह से दिल्ली में एम्स की सेवा है, उसी ब्रांड नाम के साथ एम्स वहां पर भी खड़ी हो। पीएम मोदी ने दुनिया की सबसे बेहतरीन तृतीयक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के साथ देश के हर क्षेत्र में 17 से अधिक एम्स खोलने का प्रयास किया है। 1960-70 के दशक में हमारे सबसे बेहतरीन डॉक्टर कहते थे कि हमारे देश में वो सुविधा नहीं है जिसके लिए हम बाहर जा रहे हैं और आज पीएम मोदी ने 22 विश्वस्तरीय संस्थान बनाए हैं।

### ईडी, सीबीआई और आयकर जैसी एजेंसियों के दुरुपयोग: टैगोर

कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया। उन्होंने कहा, विपक्ष राजनीतिक उत्पीड़न के लिए ईडी, सीबीआई और आयकर जैसी एजेंसियों के दुरुपयोग के लिए भाजपा सरकार की निंदा करता है। उनकी सीटों की संख्या 303 से घटकर 240 हो जाने और टीडीपी और जदयू के साथ गठबंधन पर निर्भरता के बावजूद, सरकार ने लोकतांत्रिक सिद्धांतों को कमजोर करते हुए विपक्षी नेताओं को डराने-धमकाने और अनुपालन के लिए मजबूर करने के लिए इन एजेंसियों को तैनात करना जारी रखा है।

### अयोध्या मंदिर में भी पानी ऊपर से टपक रहा है: संजय राउत

शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा, आपने देखा होगा कि अभी नए संसद में पानी-पानी हो गया था और जो पुरानी वाली संसद थी उसका इतिहास है, वो और 10 साल तक चल सकती थी....अयोध्या मंदिर में भी पानी ऊपर से टपक रहा है, पानी की वजह से एयरपोर्ट का एक हिस्सा गिर रहा। संसद में अब तो पूरा पानी आ रहा है..वहां राजेंद्र नगर में एक बेसमेंट पानी भरने से 3 छात्र की मौत हो गई तो सरकार है कहां?

## दिल्ली में राज्यपाल कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे मंगुभाई, बैठक से पहले राष्ट्रपति से मुलाकात

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल देश भर के राज्यपालों की कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचे हैं। वे आज और कल दिल्ली में होने वाली बैठक में शामिल होंगे। गवर्नर पटेल गुरुवार को कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंच गए थे और रात में ही उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात भी की है। वे शुक्रवार और शनिवार को दिल्ली में एमपी के सीमावर्ती राज्यों के राज्यपालों के साथ अंतर्राज्यीय मसलों पर हुई बैठकों की जानकारी बैठकों में देंगे।



दिल्ली में होने वाली बैठक में राष्ट्रपति मुर्मू के अलावा पीएम नरेंद्र मोदी भी अलग से बैठक ले सकते हैं। इसमें केंद्र द्वारा तय एजेंडे पर किए गए काम की समीक्षा की जाएगी। एमपी के विधानसभा चुनाव के पहले राज्यपालों की भूमिका में बदलाव करते हुए केंद्र सरकार ने अंतर्राज्यीय मुद्दों को लेकर हर राज्यपाल को पड़ोसी राज्य के साथ बैठक करने के निर्देश दिए थे। इसके चलते प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ समेत कुछ राज्यों के साथ बैठक भी की है और इस बैठक में एमपी के सीमावर्ती जिलों और दूसरे राज्यों के एमपी से सटे सीमावर्ती जिलों की कॉमन समस्याओं, बड़ी परियोजनाओं को लेकर चर्चा हुई थी।

नीट यूजी

# कोई व्यवस्थागत उल्लंघन नहीं हुआ, लीक सिर्फ पटना और हजारीबाग तक सीमित, सुप्रीम कोर्ट का फैसला

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी 2024 मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नीट-यूजी 2024 के पेपर में कोई व्यवस्थागत उल्लंघन नहीं हुआ है। लीक सिर्फ पटना और हजारीबाग तक सीमित था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि केंद्र द्वारा गठित समिति परीक्षा प्रणाली की साइबर सुरक्षा में संभावित कमजोरियों की पहचान करने, जांच बढ़ाने की प्रक्रिया, परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी निगरानी के लिए तकनीकी प्रगति के लिए एसओपी तैयार करने पर भी विचार करेगी।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसने अपने फैसले में एनटीए की संरचनात्मक प्रक्रियाओं में सभी कमियों को उजागर किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम छात्रों की बेहतरी के लिए ऐसा नहीं होने दे सकते। इसलिए जो मुद्दे उठे हैं, उन्हें केंद्र को इसी साल ठीक करना चाहिए, ताकि ऐसा दोबारा न हो।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 23 जुलाई को विवादों से घिरे ह्रश्वश्वञ्ज-त्न 2024 को रद्द करने और दोबारा परीक्षा कराने की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था। तब कोर्ट ने कहा था कि रिकॉर्ड में ऐसा कोई डेटा नहीं है, जो प्रश्नपत्र के व्यवस्थित रूप से लीक होने और अन्य गड़बड़ियों का संकेत दे। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र हुड्डा, संजय हेगड़े और मैथ्यूज नेदुमप्रा सहित वकीलों की दलीलें करीब चार दिनों तक सुनीं थीं।

### सीबीआई के आरोप पत्र में इन लोगों के नाम

इससे पहले नीट यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने जो पहला आरोप पत्र दाखिल किया है, उसमें उम्मीदवारों के साथ ही उम्मीदवारों के माता-पिता, इंजीनियर और पेपरलीक के सरगनाओं के नाम शामिल हैं। सीबीआई ने ये भी कहा कि अभी जांच चल रही है और इस मामले में एक पूरक आरोप पत्र (सप्लीमेंट्री चार्जशीट) भी दायर की जाएगी। पहली चार्जशीट (आरोपपत्र) में 13 आरोपियों के नाम हैं, जिनमें चार नीट उम्मीदवार, एक जूनियर इंजीनियर और पेपरलीक के दो सरगनाओं का नाम शामिल है।

## राहुल का दावा- चक्रव्यूह वाले बयान के बाद ईडी मार सकता है छापा, चाय-बिस्किट मेरी तरफ से

**नई दिल्ली।** नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दावा किया है कि उनके खिलाफ एनफोर्समेंट डायरेक्टरोट (ईडी) रेड की प्लानिंग हो रही। राहुल ने गुरुवार देर रात 1.52 बजे एक्स पर की गई एक पोस्ट में यह दावा किया। उन्होंने लिखा- टू-इन-1 को संसद में मेरा चक्रव्यूह भाषण पसंद नहीं आया। ईडी के अंदरूनी सूत्रों ने मुझे बताया कि मेरे खिलाफ रेड की योजना बनाई जा रही है। मैं ईडी अधिकारियों का बाहें फैलाकर इंतजार कर रहा हूं। चाय और बिस्किट मेरी तरफ से।



राहुल ने कहा था- 6 लोग देश को चक्रव्यूह में फंसा रहे

राहुल ने 29 जुलाई को संसद सत्र के दौरान बजट 2024-25 पर लोकसभा में भाषण दिया था। इसी दौरान उन्होंने बजट की तुलना महाभारत के चक्रव्यूह से की। उन्होंने कहा कि छह लोगों का एक ग्रुप पूरे देश को चक्रव्यूह में फंसा रहा है। ये 6 लोग- नरेंद्र मोदी, अमित शाह, मोहन भागवत, अजित डोभाल, अडाणी और अंबानी हैं। राहुल ने कहा था- हजारों साल पहले कुरुक्षेत्र में अभिमन्यु को चक्रव्यूह में फंसाकर 6 लोगों ने मारा था। चक्रव्यूह का दूसरा नाम है- पद्मव्यूह, जो कमल के फूल के शेप में होता है। इसके अंदर डर और हिंसा होती है।

# कलियासोत नदी को बारहमासी बनाकर साबरमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर विकसित करने केन्द्रीय मंत्री खट्टर से मिले विधायक रामेश्वर शर्मा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



हुजूर विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों को भी शहरों की तर्ज पर विकसित कराते हुए विकास पुरुष की पहचान बनाने वाले विधायक रामेश्वर शर्मा ने क्षेत्रीय विकास को लेकर एक नई मुहिम छेड़ दी है। अपने दिल्ली प्रवास के दौरान विधायक रामेश्वर शर्मा ने केन्द्रीय नगरीय विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर कोलार की कलियासोत नदी को बारहमासी बनाने के साथ-साथ साबरमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर विकसित करने एवं उसके घाटों को विकसित कर पर्यटन केन्द्र बनाने की मांग को लेकर निवेदन पत्र सौंपा है। इस निवेदन पत्र में उन्होंने भोपाल की जीवन रेखा कहीं जाने वाली कलियासोत नदी के सालभर सूखे रहने की चिंता तथा उससे होने वाली नागरिक असुविधा को व्यक्त किया, साथ ही उसे बारहमासी बनाने के उपाय एवं उससे होने वाले लाभ को भी विधायक शर्मा ने मांग पत्र में उल्लेखित किया। ज्ञात हो कि कलियासोत नदी कोलार से होते हुए बेतवा नदी में मिलती है। जो कि वर्तमान में कलियासोत डेम पर पूर्णरूपेण निर्भर करती है। डेम के गेट खुलने के बाद ही इस नदी में पानी आता है बाकि वर्ष भर यह सूखी रहती है।

**इन मांगों को लेकर सौंपा पत्र:** लियासोत नदी को बारहमासी बनाया जाए, इसके लिए तकनीकी आधार पर सुनिश्चित स्थानों पर स्टॉप डेम का निर्माण कराया जाए। इससे बहुत बड़ी आबादी के जलसाधन - ट्यूबेल, बावड़ी आदि के जल स्तर में वृद्धि होगी।

गुजरात के मुख्यमंत्री रहते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह साबरमती नदी पर रिवर फ्रंट का निर्माण कराकर उसे न केवल स्वच्छ और सुंदर बनाया, बल्कि चर्चित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित भी कराया। उसी तर्ज पर कलियासोत नदी को बारहमासी नदी बनाते हुए, साबरमती रिवर फ्रंट की तरह विकसित किया जाए। कलियासोत नदी पर घाटों का निर्माण हो जिससे कि सनातनी परम्पराओं का निर्वहन किया जा सके। यहां पाथ-वे, आकर्षक पार्क, वाटर स्पोर्ट्स गतिविधि, फूड कोर्ट का निर्माण कराया जाए, जिससे कलियासोत नदी के संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय रोजगार के नये अवसर उपलब्ध होंगे। कलियासोत नदी के सम्पूर्ण आबादी क्षेत्र के यथास्थिति दोनों ओर रिटेनिंग वॉल अथवा पीचींग कर इसमें होने वाले अतिक्रमण को रोका जाए। समय-समय पर माननीय ह्लत्र्ञ एवं विभिन्न पर्यावरण प्रेमियों द्वारा कलियासोत नदी के संरक्षण संवर्धन की दिशा में चिंता व्यक्त की जाती रही है। कलियासोत नदी के बारहमासी बनने एवं पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित होने के बाद इस पर होने वाले अतिक्रमण एवं प्रदूषण की चिंता पूर्णतः समाप्त हो जाएगी। चूंकि कलियासोत नदी वृहद क्षेत्र में फैली हुई है, इसलिए इसके पर्यटन एवं संरक्षण व संवर्धन की विस्तृत रूप रेखा के लिए आगामी वर्षों के लिए इसका मास्टर प्लान भी बनाया जाए।

कलियासोत डेम से नहर के माध्यम से भोपाल एवं रायसेन जिले की हजारों हेक्टेयर भूमि सिंचित की जाती है। इस नदी पर स्टॉप डेम बनने से सिंचाई क्षेत्र का रकबा भी बढ़ेगा।

केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात को लेकर विधायक रामेश्वर शर्मा ने बताया कि - कलियासोत नदी भोपाल की जीवन रेखा है। उसे बचाने का दायित्व हम सबका है। और केवल बचाना नहीं है, उसका संवर्धन भी करना है। इसको लेकर कल माननीय केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर जी से भेंट कर उनको कलियासोत नदी की यथास्थिति से अवगत कराया। साथ ही उनकी विकास योजना को लेकर भी सुझाव प्रस्तुत किए। उन्हें गुजरात की साबरमति रिवर फ्रंट की कार्य योजना की भी जानकारी दी। जिसके मूल स्वरूप एवं पर्यावरण के अनुरूप अहमदाबाद द्वारा विकसित किया गया था। कलियासोत के सौंदर्गीकरण हेतु भी इसी तरह के अनुभवी संस्थान के द्वारा कार्य योजना बनवाई जा सकती है। उन्होंने आगे कहा कि - माननीय केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री कलियासोत नदी के संरक्षण की दिशा में साबरमती नदी की तर्ज पर विकसित करने हेतु सार्थक निर्देश सम्बन्धितों को दिए । जिसके लिए उन्होंने केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया ।

# विधायक भगवानदास सबनानी ने सूरज नगर के शासकीय स्कूल में पेविंग ब्लॉक लगाने किया भूमिपूजन



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के वार्ड 26 में स्थित शासकीय वल्लभ भाई पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरज नगर भदभदा रोड में दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के लोकप्रिय विधायक भगवानदास सबनानी द्वारा पेविंग ब्लॉक के लिए भूमि पूजन किया गया, कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्य वंदना उपाध्याय ने विधायक भगवानदास सबनानी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया, सबनानी द्वारा कार्यक्रम से पूर्व मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर वंदन किया गया, विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सबनानी ने कहा कि आज मध्य प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में अपना एक अलग स्थान बनता जा रहा है हमारे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी द्वारा भी विद्यार्थियों को बेहतर से बेहतर शिक्षा व सुविधाएं मिल सके इसके लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं हमारे शासकीय स्कूल के बच्चों द्वारा भी शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर परिणाम दिए जा रहे हैं, कार्यक्रम में ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया, इस दौरान मंडल अध्यक्ष पारस नरवरिया, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती राजमनी उईके, वरिष्ठ नेता श्री लीलेंद्र मारण, श्री जीवन मारण, जयसिंह मारण, हेमंत बढ़ाया, राकेश सरवैया सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राजपूताना इंडस्ट्रीज लिमिटेड का आईपीओ खुला

**मुंबई, एजेंसी।** नॉन फेरस मेटल रीसाइकलिंग क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरी, राजपूताना इंडस्ट्रीज लिमिटेड कॉपर, अल्युमिनियम, ब्रास और अलॉय से निर्मित प्रोडक्ट ऑफर करती है. कंपनी ने 30 जुलाई, 2024 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग (आईपीओ) के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है. उसका इरादा इस आईपीओ के मार्फत 23.88 करोड एकत्र करने का है. कंपनी के शेयर्स सेट एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे. इश्यू से प्राप्त होने वाली शुद्ध धनराशि का उपयोग मुख्य रूप से कंपनी की कार्यशील पूंजी की जरूरत पूरी करने, ग्रिड सोलर पावर जनरेटिंग सिस्टम की खरीदी करने और आम कॉरपोरेट कार्यों के लिए किया जाएगा. एंकर पोर्शन की बिडिंग 29 जुलाई, 2024 को खुलेगी. अभिदान के लिए इश्यू 30 जुलाई, 2024 को खुलेगा और 01 अगस्त, 2024 को बंद होगा. इश्यू की लीड मैनेजर होलानी कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड है. इश्यू की रजिस्ट्रार बिग शेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड है.राजपूताना इंडस्ट्रीज लिमिटेड की चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, श्रीमती शिवानी शेख ने कहा, हम सहर्ष एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर हमारे आगामी आईपीओ की घोषणा करते हैं।

## न्युवोको विस्टास ने वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में बिक्री और लाभ में बढ़ोतरी दर्ज की

**मुंबई, एजेंसी।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की एक प्रमुख निर्माण सामग्री कंपनी ने 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही में बिक्री, आय और लाभ में बढ़ोतरी घोषणा की है। इसके साथ ही कंपनी ने वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही के अनऑडिटेड विस्तृत वित्तीय नतीजों को जारी किया है। 25 एमएमटीपीए की संयुक्त स्थापित क्षमता के साथ, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड भारत में पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह है और पूर्वी भारत में अग्रणी सीमेंट कंपनियों में से एक है। वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में कंपनी की कंसोलिडेटेड सीमेंट बिक्री मात्रा 4.8 एमएमटी रही। इसी अवधि के दौरान ऑपरेशंस से कंसोलिडेटेड आय 2,636 करोड़ रुपये रही। पहली तिमाही के लिए कंसोलिडेटेड एबिटिडा 348 करोड़ रुपये रहा। कंपनी पूरी तरह से प्रीमियम उत्पादों पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं, जिनका ट्रेड वॉल्यूम में हिस्सा वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में 40 प्रतिशत के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया है। ब्रांड इक्विटी को बढ़ाने के लिए, हमने ड्यूरागार्ड माइक्रोफाइबर सीमेंट के लिए एक इनोवेटिव कैम्पेन शुरू किया, जो एक अगली पीढ़ी का पीपीसी वैरिएंट है, जिसे इसकी अनूठी माइक्रोफाइबर तकनीक के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## आनंदना- कोका-कोला और इंडो-डच हॉर्टिकल्चर ने प्रोजेक्ट उन्नति एप्पल की सफलता का उत्सव मनाया

**चंपावत, उत्तराखंड, एजेंसी।** सस्टेनेबल एग्रीकल्चर के एक महत्वपूर्ण समारोह में, आनंदना ङ्क कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन ने इंडो-डच हॉर्टिकल्चर टेक्नोलॉजीज के साथ साझेदारी में उत्तराखंड के चंपावत में प्रोजेक्ट उन्नति एप्पल के माध्यम से किसानों के अथक प्रयासों को मान्यता दी। इस कार्यक्रम में 10 किसानों को सस्टेनेबल एग्रीकल्चर तकनीकों को अपनाने के उनके समर्पण के लिए सम्मानित किया गया, और स्थानीय कृषि पर इन प्रथाओं के परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डाला गया।उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री, श्री पुष्कर सिंह धामी ने इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से भाग लिया और श्री राजीव गुप्ता, निदेशक, कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन, श्री सुरेश जोशी, प्रवक्ता भाजपा, श्रीमती ज्योति राय, अध्यक्ष, जिला परिषद चंपावत, श्री प्रकाश तिवारी, मुख्यमंत्री प्रतिनिधि, श्री निर्मल मेहरा, अध्यक्ष, भाजपा चंपावत, श्री नवनीत पांडे, जिला मजिस्ट्रेट, श्रीमती रेखा देवी, ब्लॉक प्रमुख, चंपावत और श्री सुधीर चड्ढा, निदेशक, इंडो-डच हॉर्टिकल्चर टेक्नोलॉजीज जैसे गणमान्य व्यक्ति समारोह में व्यक्तिगत रूप से शामिल हुए।

## अवांस फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने आईपीओ के लिए सेबी के पास दाखिल किया फ्रेश डीआरएचपी

**मुंबई, एजेंसी।** देश में संचालित शिक्षा केंद्रित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) अवांस फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। अवांस फाइनेंशियल सर्विसेज 31 मार्च, 2024 तक प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियों (एयूएम) के हिसाब से भारत में दूसरी सबसे बड़ी शिक्षा केंद्रित एनबीएफसी है । वित्तीय वर्ष 2023 के दौरान इसका दूसरा सबसे अधिक डिसबर्समेंट हुआ और भारत में शिक्षा केंद्रित एनबीएफसी के बीच अवांस फाइनेंशियल ने वित्तीय वर्ष 2024 में कर के बाद दूसरा सबसे अधिक लाभ दर्ज किया। कंपनी फुल स्टैक एजुकेशन ऑफरिंग प्रदान करती है। इसमें छात्रों के लिए शिक्षा ऋण से लेकर शिक्षा संस्थानों के लिए ग्रोथ केपिटल जुटाने के लिए एजुकेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर लोन भी शामिल है । छात्र-ऋण-अंतर्राष्ट्रीय और शिक्षा ऋण-घरेलू व्यवसायों के माध्यम से, कंपनी भारतीय छात्रों और पेशेवरों को ऋण और अन्य मूल्यवर्धित सेवाएं प्रदान करती है, जिन्हें विदेशों में या घरेलू संस्थानों में अध्ययन करने के लिए भर्ती कराया जाता है। यह भारत में निजी शैक्षणिक संस्थानों को कोलेटरल समर्थित फ़ाइनेंस भी प्रदान करता है।

# अपर संचालक चौधरी,खरे और जनसम्पर्क कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी, जनसंपर्क आयुक्त खाड़े ने दी शुभकामनाएं



**भोपाल।** अपर संचालक एच एल चौधरी और मनोज खरे और जनसम्पर्क कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर कल एक समारोह में विदाई दी गई। आयुक्त जनसंपर्क सुदाम खाड़े ने सभी को भावी जीवन की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर खाड़े ने कहा कि आप सभी ने लंबे समय तक जनसंपर्क विभाग में अपनी सेवाएं दी हैं। शासकीय योजनाओं के प्रचार प्रसार के माध्यम से आपने जन-कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके लिए हम सभी आपके आभारी हैं। आप सभी स्वस्थ रहें, व्यस्त रहें और मस्त रहें। साथ ही अपने सेवाकाल के अनुभवों का लाभ समाज को दें। आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं जनसंपर्क आयुक्त सुदाम खाड़े और संचालक रौशन कुमार सिंह ने जनसंपर्क विभाग के अपर संचालकमनोज खरे, अपर संचालक एच. एल. चौधरी, सहायक ग्रेड-2 कैलाश घोड़की और वाहन चालक राजेंद्र मोहले को उनके सेवानिवृत्ति अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनका अभिनंदन किया। इस अवसर अपर संचालक जी.एस. वाधवा, अपर संचालक संजय जैन सहित जनसंपर्क परिवार उपस्थित था। अपर संचालक मनोज खरे, अपर संचालक एच. एल. चौधरी सहित सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों ने अपने जीवन काल के अनुभव साझा किए। सभी अधिकारी और कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीकांत अवस्थी ने किया। आभार प्रदर्शन संयुक्त संचालक श्री पंकज मित्तल ने किया।

## रुबिकॉन रिसर्च लि. ने सेबी के पास फाइल किया डीआरएचपी

**मुंबई, एजेंसी।** रूबिकॉन रिसर्च लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) फाइल किया है। रूबिकॉन रिसर्च एक फार्मास्युटिकल फॉर्मूलेशन कंपनी है, जो केंद्रित रिसर्च और डेवलपमेंट के माध्यम से इनोवेशन द्वारा संचालित है। इसमें विशेष उत्पादों और दवा-डिवाइस संयोजन उत्पादों के बढ़ते पोर्टफोलियो के साथ रेगुलेटेड बाजारों और विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका को लक्षित किया गया है। समकक्ष समूह (एफ एंड एस और कंपनी द्वारा मूल्यांकन की गई छह सूचीबद्ध भारतीय कंपनियों में से) के आधार पर रूबिकॉन रिसर्च एकमात्र भारतीय फार्मास्युटिकल कंपनी है जिसका पूरा ध्यान रेगुलेटेड बाजारों पर है। कंपनी की इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग में 5,000 मिलियन तक का ताज़ा इश्यू और प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक, जनरल अटलांटिक सिंगापुर आरआर पीटीई लिमिटेड द्वारा 5,850 मिलियन तक की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है। नए इश्यू ऑफर से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग कंपनी सभी या कुछ बकाया उधारों के पूर्व भुगतान या निर्धारित पुनर्भुगतान, अज्ञात अधिग्रहणों और अन्य रणनीतिक पहलों और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के माध्यम से इनआर्गनिक विकास को फाइनेंस करने पर कर सकती है।

## आयुष मंत्रालय नेचुरोपैथी का करेगा समग्र विकास : प्रतापराव जाधव

**दिल्ली, एजेंसी।** देश की राजधानी दिल्ली के कंस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में सूर्या फाउण्डेशन व इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन द्वारा केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री प्रतापराव जाधव का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया था। समारोह का उद्घाटन आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने दीप प्रज्जवलन के साथ किया। समारोह में 200 से अधिक योग प्राकृतिक चिकित्सा जगत के प्रतिनिधियों के अतिरिक्त माननीय श्री राजू बिष्ट एवं श्री भोलासिंह जी दोनों सांसद, श्री कोस्तुभ कर्माकर (वेद जी) वॉइस चेयरमैन सूर्या फाउण्डेशन, डॉ. डी. एन. शर्मा व डॉ आर एस डबास दोनों राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री बिजय राज शिन्दे पूर्व विद्यायक बुलढाना महाराष्ट्रा, श्री नन्द किशोर अग्रवाल अध्यक्ष व श्री मामराज अग्रवाल, बालाजी निरोगधाम वैलनेस नेचर क्योर दिल्ली तथा योग प्राकृतिक चिकित्सा योग की अन्य संस्थओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित हुये। समारोह में विशिष्ठ अतिथि के रूप में दार्जिलिंग के सांसद श्री राजूबिष्ट एवं बुलन्दशहर के सांसद डॉ भोलासिंह ने उपस्थित प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि आदरणीय पद्मश्री जयप्रकाश जी पिछले तीन दशकों से प्राकृतिक चिकित्सा योग के समग्र विकास हेतु श्रेष्ठ व सराहनीय योगदान दे रहे है। हम भी संसद में प्राकृतिक चिकित्सा के विकास हेतु आवाज बुलंन्द करेगें।

आयुष मंत्री श्री प्रतापराव जाधव ने अपने अभिनंदन के लिए सूर्या फाउण्डेशन व एवंम् योग नेचुरोपैथी संस्थाओं का आभार प्रकट करते हुए बताया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम योग नेचुरोपैथी का समग्र विकास व प्रचार.प्रसार हेतु आयुष मंत्रालय की सभी योजनाए व प्रॉजेक्ट को प्रभावी रूप से लागू करेगें। मुझे आज इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन द्वारा दिये गये नेचुरोपैथी डॉक्टर्स का रजिस्ट्रेशन एवं अन्य महत्वपूर्ण सुझावों को शीघ्र ही लागू करने का प्रयास करूगा।

## एंडटीवी प्रस्तुत करता है समानता के अधिकारों पर केंद्रित एक दमदार सोशल ड्रामा भीमा

**मुंबई।** एण्ड टीवी का नया शो %भीमा% 80 के दशक की पृष्ठभूमि पर बना है। राज खत्री प्रोडक्शंस ने इसका निर्माण किया है। इसमें भीमा नाम की एक लड़की की कहानी दिखाई गई है जो किसी दूसरी जाति से ताल्लुक रखती है। यह एक लड़की की दुविधा और समान अधिकारों को लेकर उसके सफर को दिखाता एक सोशल ड्रामा है। दर्शकों को शो में इस लड़की के साहसिक सफर की कहानी देखने को मिलेगी, जिसमें वह अपने परिवार, समाज और आर्थिक हालातों से उपजी मुश्किलों का सामना करती नजर आती है। ढेर सारी चुनौतियों के बावजूद भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बी. आर. आंबेडकर के कानूनों और आदर्शों को बनाए रखना भीमा के अटूट विश्वास को दिखलाता है। इतनी छोटी-सी उम्र में उसने खुद को इस मिशन के नाम समर्पित कर दिया। इस शो के बारे में बात करते हुए, एण्डटीवी के बिजनेस हेड विष्णु शंकर ने कहा, हमारे शोज एक महानायक- डॉ. बी. आर. आंबेडकर' और अ टल की शानदार सफलता यह दिखाती है कि उम्मीद और फिर उठ खड़े होने की कहानियाँ हमारे दर्शकों को पसंद आती हैं।

# स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में स्किल सेमिनार का आयोजन



**भोपाल।** स्कोप ग्लोबल स्किल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी आफ मैनेजमेंट स्टडीज एवं फैकल्टी ऑफ़ बैंकिंग फाइनेंस एवं कॉमर्स के द्वारा स्किल सेमिनार सीरीज के अंतर्गत एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सीए आदित्य श्रीवास्तव और रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में डिप्टी रजिस्ट्रार एकेडमिक्स डॉ. पूजा चतुर्वेदी शामिल रहे। वहीं स्कोप ग्लोबल स्किल यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

इस दौरान डॉ. पूजा चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को स्वयं के उद्यम प्रारंभ करने की जानकारी एवं उससे संबंधित कार्य प्रणाली को विस्तार से समझाया। इसके साथ ही सीए आदित्य श्रीवास्तव जो कि जीएसटी एक्सपर्ट हैं, ने विद्यार्थियों को जीएसटी के बारे में विस्तार से समझाया। इसमें जीएसटी की प्रक्रिया, रजिस्ट्रेशन, जीएसटी का कार्य करने में होने वाली समस्याओं इत्यादि पर सीए आदित्य श्रीवास्तव ने प्रकाश डाला एवं विद्यार्थियों के प्रश्नो का समाधान किया। इसके पश्चात बैंकिंग, फाइनेंस, कॉमर्स के डीन प्रो नितिन मोढ़ ने स्कोप ग्लोबल स्किल यूनिवर्सिटी के जीएसटी सर्टिफिकेट कोर्स की जानकारी दी। इस दौरान कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा ने कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डाला और विश्वविद्यालय द्वारा शुरू गई रचनात्मक पहलों से सभी को अवगत कराया।

## पारस हेल्थकेयर लिमिटेड ने आईपीओ के लिए सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई , एजेंसी।** उत्तर भारत, बिहार और झारखंड में बिस्तर क्षमता के मामले में पांचवीं सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता कंपनी पारस हेल्थकेयर लिमिटेड (कंपनी) ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। 31 मार्च, 2024 तक कुल 2,135 बिस्तरों के साथ, पारस हेल्थकेयर लिमिटेड उत्तर भारत, बिहार और झारखंड में बिस्तर क्षमता के मामले में पांचवीं सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता कंपनी है (स्रोत- क्रिसिल रिपोर्ट)। यह पारस हेल्थ ब्रांड के तहत आठ अस्पताल संचालित करती है, जो उत्तर भारत के पांच राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में फैले हुए हैं - हरियाणा में गुरुग्राम और पंचकुला; बिहार में पटना और दरभंगा; उत्तर प्रदेश में कानपुर; राजस्थान में उदयपुर; झारखंड में रांची, और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में श्रीनगर। पारस हेल्थकेयर टियर 2 और 3 शहरों में विशेष टर्शीएरी चिकित्सा देखभाल प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करता है, और साथ ही किफ़ायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करता है।

### बीमारियों की रोकथाम के लिए निगम ने शुरू किया विशेष अभियान

# नागरिकों को दी जाएगी समझाइश, डेंगू लार्वा की घर-घर जाकर की जांच

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



नगर निगम द्वारा शहर के नागरिकों को डेंगू, मलेरिया जैसी मौसमी बीमारियों से बचाने हेतु "स्वच्छता बनाओ-बीमारी भगाओ" विशेष अभियान 31 जुलाई 2024 से शुरू किया गया है। जोन क्रमांक 14 में अभियान के तहत विशेष साफ-सफाई व कीटनाशक रसायनों का छिड़काव/फागिंग भी कराई। निगम अमले ने बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी एवं घर-घर जाकर डेंगू लार्वा की जांच की और डेंगू लार्वा पाये जाने पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही भी की जा रही है साथ ही घरों में पानी के पात्रों, कूलर, गमले, सकोरे, पुराने टायर आदि में भरे पानी को फेकने और इनके पानी को निरंतर बदलते रहने की समझाइश भी दी और कचरा वाहनों में जिंगल बजाकर डेंगू,मलेरिया से बचाव जानकारी भी दी गई। निगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु विशेष अभियान 31 जुलाई 2024 से शुरू किया है। एक सप्ताह चलने वाले इस अभियान के दूसरे दिन गुरूवार को जोन क्रमांक 14 के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने वार्ड क्रमांक 56, 57, 60 व 61 के अंतर्गत साकेत नगर, शक्ति नगर सहित विभिन्न मोहल्लों, बस्तियों, कालोनियों, स्कूलों के आसपास आदि क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई कराई व कीटनाशक रसायनों का छिड़काव एवं फागिंग कराई। निगम अमले ने कर्मचारियों के दल बनाकर घर-घर डेंगू लार्वा की जांच कराई और जिन घरों में डेंगू लार्वा पाया गया उसे तत्काल कीटनाशक रसायनों के माध्यम से नष्ट कराया और 300/-रूपये का स्पॉट फाईन भी वसूल किया। निगम अमले ने नागरिकों को समझाइश दी कि घरों में पानी की टंकियों, मटकों आदि पात्रों व कूलर, गमले, टायर, सकोरे आदि में लंबे समय तक पानी भरा न रहने देने और इनका पानी निरंतर बदलते रहने की समझाइश भी दी। निगम अमले ने बजरंग मार्केट के व्यापारियों व अन्य नागरिकों तथा बच्चों के साथ स्वच्छता संवाद कर गीला-सूखा कचरा पृथक-पृथक डस्टबिनों में ही रखने और सदैव कचरा वाहन को ही कचरा देने, इधर-उधर कचरा न फेंकने की समझाइश दी।

# बंजर जमीन को हरा-भरा बनाकर आगामी पीढ़ी को दी जाएगी सौगात : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान अन्तर्गत मलकपुर में किया पौधारोपण

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मऊगंज जिले के देवतालाब विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मलकपुर की बंजर जमीन को हरा-भरा बनाकर आने वाली पीढ़ी को सौगात के रूप में सौंपा जाएगा। पुराने जमाने के जो जंगल नष्ट हो गए और जमीन बंजर हो गई वहाँ सघन वृक्षारोपण कर पूर्व की तरह ही हरा-भरा जंगल बनाया जाएगा। उप-मुख्यमंत्री शुक्ल वन विकास निगम द्वारा साढ़े चार लाख पौधों के वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया।

**22 हजार एकड़ पठारी क्षेत्र में अब तक 85 लाख से अधिक पौधों का रोपण:** उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि वृक्षारोपण का कार्य पुनीत कार्य है। वृक्ष हमें फल, छाया के साथ-साथ प्राणवायु देते हैं। उन्होंने वन विकास निगम के अधिकारियों कर्मचारियों को 22 हजार एकड़ पठारी क्षेत्र में वर्ष 2010 से अब तक 85 लाख से अधिक पौधे लगाने के कार्य के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि आगामी तीन वर्ष में इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए लगभग 15 लाख पौधों का पौधरोपण किया जाएगा। इस तरह इस बंजर भूमि में 1 करोड़ 25 लाख पौधे लगाकर हरा-भरा किया जाएगा।

**80 प्रतिशत से अधिक पौधे जीवित:** उप-मुख्यमंत्री ने हर्ष व्यक्त किया कि पूर्व में लगाए गए पौधों में से 80 प्रतिशत से अधिक पौधे जीवित हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 में कार्यक्रम की पूर्णता के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे हवाई सर्वे कर इस क्षेत्र की हरीतिमा का अवलोकन करेंगे। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जाँच की सुविधाओं के साथ चिकित्सकीय उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। गांवों में सीएम राइज विद्यालयों का निर्माण हो रहा है।

इससे गरीब व वंचित वर्ग के छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं छात्रावास की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में सीएसआर मद से महिला हितग्राहियों सिलाई मशीन का वितरण किया गया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक देवतालाब गिरीश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक मऊगंज वीरेन्द्र जैन, प्रबंध संचालक वन विकास निगम राकेश यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### अग्रकुल प्रवर्तक भगवान अग्रसेन महाराज की पाचवीं महाआरती का आयोजन 4 अगस्त को

**भोपाल।** अग्रकुल प्रवर्तक भगवान अग्रसेन महाराज की महाआरती का आयोजन पिछले 4 माह से निरंतर किया जा रहा है। जिसमें अग्रवाल समाज की सभी व्यक्ति सह परिवार शामिल होते हैं। उसी क्रम को यथावत रखते हुए 4 अगस्त समय - सायं 6 बजे स्थान-भगवान अग्रसेन महाराज की प्रतिमा के समक्ष, आईटीसी पार्क, कमला पार्क, भोपाल में पाचवीं महाआरती का आयोजन किया जा रहा है।



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने गुरूवार को नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंटकर खजुराहो से संचालित रेल सुविधाओं में आवश्यक सुधार एवं कुछ नई रेल सुविधाएँ प्रदान किये जाने तथा ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना के अंश भाग खजुराहो से सतना के कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने का अनुरोध किया।

### उप-मुख्यमंत्री शुक्ल ने स्वदेश ग्वालियर के पूर्व प्रबंध संचालक अनुराग बंसल के निधन पर व्यक्त किया शोक



**भोपाल।** उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने दैनिक स्वदेश ग्वालियर के पूर्व प्रबंध संचालक और ग्वालियर व्यापार प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष श्री अनुराग बंसल के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिजन को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### सीएम राइज हायर सेकेंडरी स्कूल बरखेड़ी में छात्र परिषद चुनाव संपन्न




**भोपाल।** सीएम राइज हायर सेकेंडरी स्कूल बरखेड़ी भोपाल में आज छात्र परिषद के चुनाव का आयोजन किया गया। इस चुनाव का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता फैलाना था। चुनाव में हेड बॉय, हेड गर्ल, वाइस हेड बॉय, और वाइस हेड गर्ल के पदों के लिए कुल 20 प्रत्याशी खड़े हुए। कक्षा 9 से 12 के कुल 570 छात्र-छात्राओं ने इस चुनाव में हिस्सा लिया और अपने पसंदीदा प्रत्याशी को अपना मत दिया। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया को लोकसभा और विधानसभा चुनावों की तरह संपन्न कराया गया, जिसमें नामांकन भरना, नामांकन वापस लेना, चुनाव प्रचार, मतदाता सूची, अमिट स्याही, और पोलिंग एजेंट्स जैसी सभी जानकारी शामिल थी। सभी विद्यार्थियों ने कक्षा वार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना के दौरान कई समाचार पत्रों और मीडिया कर्मियों ने चुनाव प्रक्रिया की कवरेज की। इस दौरान सभी प्रत्याशियों और विद्यार्थियों में भारी उत्साह देखने को मिला। **चुनाव परिणाम इस प्रकार हैं:** स्कूल हेड बॉय अनस खान, स्कूल हेड गर्ल अनम मंसूरी, स्कूल वाइस हेड बॉय शशांक धाकड़, सुरेंद्र सोनी स्कूल वाइस हेड गर्ल अली।

### एमपी नगर में फायर मॉक ड्रिल और ट्रैफिक व्यवस्था सुधार हेतु अभियान




**भोपाल।** एमपी नगर जोन 2 में एसडीएम आशुतोष शर्मा, तहसीलदार सुनील वर्मा, नगर निगम भोपाल के अधिकारियों, अग्निशमन विभाग और एसीपी ट्रैफिक, टीआई एमपी नगर के साथ फायर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान, क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए निरीक्षण किया गया और आम जनता से अपील की गई कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें और अपने वाहन पार्किंग में ही खड़े करें। अभियान के अंतर्गत टाइम कोचिंग इंस्टीट्यूट की बेसमेंट लाइब्रेरी को सील किया गया, हालांकि वहां कोई विद्यार्थी उपस्थित नहीं पाया गया।

## प्रदेश के कर्मचारियों को रक्षाबंधन के पहले होगा महंगाई भत्ते के एरियर का भुगतान



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

प्रदेश के 10 लाख से अधिक कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। वित्त विभाग द्वारा कर्मचारियों को महंगाई भत्ते के एरियर की राशि का भुगतान रक्षाबंधन के पहले कर दिया जाएगा। इसके लिए वित्त विभाग में सभी विभागों को दूसरी किस्त की राशि भी उपलब्ध करा दी है।

गौरतलब है कि प्रदेश में कर्मचारियों को फिलहाल 46 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। इससे पहले 42 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता दिया जा रहा था। कर्मचारियों का चार प्रतिशत महंगाई भत्ता एक जुलाई 2023 से बढ़ाया गया था, लेकिन इसका भुगतान एक अप्रैल 2024 से किया गया।

**तीन किस्तों में दिया जाएगा:** जुलाई 2023 से फरवरी 2024 की महंगाई भत्ते का भुगतान तीन समान किस्तों में करने का निर्णय लिया गया था। ये तीनों किस्तें जुलाई, अगस्त और सितंबर के महीने में देना तय हुआ था। सरकार ने आम चुनाव से पहले इसी साल मार्च में कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 4 प्रतिशत बढ़ाने के आदेश जारी किए थे। महंगाई भत्ते में 4 फीसदी की बढ़ोतरी से कर्मचारियों को मासिक वेतन में 900 से लेकर 6500 रुपये तक लाभ हुआ।



भोपाल। गांधी भवन के एकता परिषद कार्यालय में 1999 से साथ रहे साथियों की लंबी चर्चा हुई, इस दौरान वर्तमान परिदृश्य को लेकर चर्चा की। जगत बहादुर सिंह ,रमेश शर्मा, अनीस कुमार के के, अनिल गुप्ता, मनीष राजपूत व राकेश रतन सिंह मौजूद रहे।

### पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में कैरियर की असीम संभावनाएं: कुलगुरु प्रो. सुरेश



**भोपाल।** अगर आप पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में कैरियर बनाना चाहते हैं, तो एशिया की पहली और देश की सबसे बड़ी मीडिया युनिवर्सिटी, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, आपके लिए एक आदर्श स्थान हो सकता है। विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष, डॉ. आरती सारंग ने बताया कि विभाग में एक वर्षीय पूर्णकालिक पाठ्यक्रम बीएलआईएस (बैचलर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस) संचालित है। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए किसी भी विषय में स्नातक होना आवश्यक है। इसके अलावा, विभाग में एमएलआईएस (मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस) का एक वर्षीय पूर्णकालिक पाठ्यक्रम भी संचालित होता है, जिसमें प्रवेश हेतु बीएलआईएस की डिग्री आवश्यक है।

### क्वॉलिटी मानकों के लिए हुई उन्मुखीकरण बैठक




**भोपाल।** नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड एवं कायाकल्प के संबंध में उन्मुखीकरण बैठक का आयोजन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय में किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक, पॉलीक्लिनिक , सिविल डिस्पेंसरी एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा अधिकारी सम्मिलित हुए । उन्मुखीकरण बैठक में कंप्रिहेंसिव प्राइमरी हेल्थ केयर, नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड, कायाकल्प, इन्फेक्शन कंट्रोल क्वालिटी मैनेजमेंट के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही जन आरोग्य समिति एवं महिला आरोग्य समितियों के माध्यम से सामुदायिक सहभागिता एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में वेलनेस गतिविधियां किए जाने के संबंध में जानकारी दी गई। उन्मुखीकरण बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने कहा कि सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में निर्धारित क्वालिटी मानकों का पालन किया जाना जरूरी है।

## स्कूली बच्चों ने सीखे आपातकालीन परिस्थिति से निपटने के गुर



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

एम्स के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ) अजय सिंह का मानना है कि बच्चोंम को शुरू से ही आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के गुर सिखाने बहुत जरूरी हैं जिससे आगे चलकर वो किसी भी चुनौती का डटकर सामना कर सकते हैं। छोटी-छोटी बातों को सीखकर किसी को नया जीवन दे सकते हैं। इसी सिलसिले में गुरूवार को एम्सो भोपाल में सेंट राफेल को-एड स्कूेल के कक्षा 11वीं व 12वी के छात्र-छात्राओं ने भाग ट्रॉमा और इमरजेंसी विभाग के काम को समझा। उन्हें मरीजों के रजिस्ट्रेशन से लेकर पूरी चिकित्सात प्रक्रिया के बारे में बताया गया। बच्चों को सीपीआर देने का प्रशिक्षण दिया गया। सीपीआर का मतलब है कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन। यह भी एक तरह की प्राथमिक चिकित्सा यानी फर्स्ट एड है। जब किसी पीड़ित को सांस लेने में दिक्कत हो या फिर वो सांस न ले पा रहा हो और बेहोश जो जाए तो सीपीआर से उसकी जान बचाई जा सकती है। इसके अलावा बच्चों को आपातकालीन चिकित्साप से संबंधित विभिन्नत पहलुओं से अवगत कराया गया ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में वे खुद की और अपने आस-पास के लोगों की सहायता कर सकें। इमरजेंसी विभाग के प्रमुख डॉ यूनुस के अलावा डॉ भूपेश्वारी और डॉ अंकिता ने बच्चोंग को बताया कि विभाग में मरीजों का इलाज किस तरह किया जाता है।

सेंट राफेल को-एड स्कूमल के बच्चेज एम्सज भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ) अजय सिंह से मिले और अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया। प्रो. सिंह ने बच्चोंभ को प्रेरित करते हुए कहा कि फर्स्ट एड सीखकर न केवल आप लोगों की जान बचा सकते हैं, बल्कि आपके अंदर आत्मरविश्वाएस भी आता है। उन्हों ने कहा कि एम्सल भोपाल इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम व्याीपक स्तवर पर करने जा रहा है। इसी क्रम में एम्सि भोपाल में 07 से 11 अगस्तक के बीच आपातकालीन चिकित्साप पर卐ईएम इंडिया-24 सम्मेलन卐 आयोजित किया जा रहा है।

## स्वस्थ बच्चे ही शक्तिशाली समृद्ध भारत का निर्माण करेंगे : गोविंद सिंह राजपूत

### ग्राम खैजरामामाफी में लगा स्वास्थ्य शिविर, सैकड़ो बच्चों की हुई जांच, किया गया निःशुल्क दवा का वितरण

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि हमारे बच्चे ही हमारे जीवन में सबसे अमूल्य होते हैं, बच्चे आगे बढ़ेंगे तो घर परिवार आगे बढ़ेगा। क्षेत्र, देश- प्रदेश में स्वस्थ, शिक्षित बच्चे हमारा नाम रोशन करेंगे। इसके लिए सबसे अधिक आवश्यक शिक्षा और स्वास्थ्य है। बच्चों के स्वास्थ्य के लिए ही आपके ग्राम में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है। क्योंकि स्वस्थ बच्चे ही शक्तिशाली समृद्धि भारत का निर्माण करेंगे।

मंत्री राजपूत ने यह बात सुरखी विधानसभा क्षेत्र के राहतगढ़ विकासखंड के ग्राम खैजरामाफी की पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल में बच्चों के स्वास्थ्य शिविर के आयोजन पर लोगों को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान मंत्री राजपूत ने शिविर का निरीक्षण किया एवं बच्चों से बातचीत की। शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए खाद्य मंत्री राजपूत ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का सपना है कि बच्चे शिक्षित हों और स्वस्थ्य हों, जिसको लेकर लगातार शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किये जा रहे हैं। ग्राम खैजरामाफी में बनने वाली लैब से सैकड़ों बच्चों को लाभ मिलेगा। यह अत्याधुनिक लैब है। जल्द ही स्मार्ट क्लास शुरू की जायेंगी, जिससे बच्चों को और तकनीकि ज्ञान सहित शिक्षा में और सुधार आयेगा।

**सुरखी विधानसभा में विकास की कोई कमी नहीं:** खाद्य मंत्री राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं हैं। यहां के ग्रामीण क्षेत्रों में शहरों जैसी व्यवस्थायें की जा रही हैं। सभी ग्रामों में पक्की सड़कें, शिक्षा के लिए स्कूल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी आदि बनाई गई हैं। और विकास के लिए जो भी कमी रहेगी वह भी निरंतर पूरी की जायेगी। कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री राजपूत ने लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

**लैब सहित विकास कार्यों का किया भूमिपूजन:** मंत्री राजपूत द्वारा ग्राम खैजरामाफी के पीएमश्री हाई स्कूल में बच्चों के लिए 16 लाख 30 हजार रूपये के अत्याधुनिक अटल ट्रिकलिंक लैब तथा अतिरिक्त कक्ष का भूमि पूजन करते हुए स्कूल के लिए बड़ी सौगात दी। साथ ही सीसी रोड, आंगनबाड़ी आदि का भूमिपूजन कर खैजरामाफी के लिए विकास कार्य हेतु लाखों की राशि स्वीकृत की।

**बच्चों के बनाये गए स्वास्थ्य कार्ड :** ग्राम खैजरामाफी में लगाये गये स्वास्थ्य शिविर में शहर से सभी रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक पहुंचे थे जिन्होंने बच्चों की जांच की। बच्चों की जांच के लिए कार्ड की व्यवस्था की गई है। इस कार्ड में बच्चों के स्वास्थ्य की पूरी जानकारी ब्लड ग्रुप सहित रहेगी। स्वास्थ्य विभाग से पहुंचे चिकित्सकों ने स्कूल के सभी बच्चों की जांच की तथा उन्हें निःशुल्क दवा वितरण किया गया। बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों को लेकर बचाव तथा बीमारियों के लक्षण के बारे में जानकारी दी।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति:** कार्यक्रम के दौरान भाजपा राहतगढ़ मंडल अध्यक्ष अमित राय, भाजपा वरिष्ठ नेता जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि शैलेन्द्र श्रीवास्तव, सुरखी विधानसभा प्रभारी डॉ. वीरेन्द्र पाठक, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राहतगढ़ पप्पू तिवारी, नगर परिषद उपाध्यक्ष जहीर कुरैशी, किसान मोर्चा उपाध्याय अरविंद सिंह टिंकू राजा, विनोद कपूर, सरपंच अनिता बाई, उप सरपंच प्रहलाद लोधी, पार्षद प्रवीण गोस्वामी, अनुराग पाठक, अंकु चौरसिया, चन्द्रेश टीला, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमौरी, एसडीएम अशोक सेन, तहसीलदार निर्मल राठौर, अंकित अग्रवाल, संकुल प्रचार भगवान सिंह ठाकुर, जगदीश पटैल, प्राचार्य सरिता पटैल, बीएमओ डॉ. फुस्केले, आर.के.कपूर, डॉ. भूपेन्द्र, डॉ. उमेश पटैल सहित सागर के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य अधिकारियों की टीम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## स म्पा द की य

# दो दिन से भूखी ...?

भारत की सबसे मजबूत पदक संभावनाओं में से एक मानी जा रही निकहत जरीन नॉर्थ पेरिस एरेना में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी मुक्केबाज के खिलाफ 0-5 से दिल तोड़ने वाली हार के बाद ओलंपिक से बाहर हो गईं। चुनौतीपूर्ण हार से थकी निकहत जरीन ने अपने आंसुओं को रोका और रिंग के अंदर चीन की वू यू के खिलाफ प्रीक्वार्टर फाइनल मुकाबले से पहले 48 घंटों में सामना की गई चुनौतियों को याद किया।

निकहत ने कम से कम पांच बार कहा, 'मैं मजबूत वापसी करूंगी।' बताया-दो बार की विश्व चैंपियन निकहत ने खाली पेट ट्रेनिंग की। प्री क्वार्टर फाइनल से एक रात पहले वह सो नहीं पाई और एशियाई खेलों की मौजूदा स्वर्ण पदक विजेता यू के खिलाफ होने वाले मैच के बारे में सोचती रही जो फ्लाइवेट (52 किग्रा) में 2023 की विश्व चैंपियन भी हैं। आखिरकार निकहत का सबसे बुरा डर सच हो गया क्योंकि वह विश्व चैंपियन से हार गई। यह स्पष्ट है कि यह हार उसे लंबे समय तक परेशान करेगी।

यू ने मुकाबले में दबदबा बनाए रखा जबकि निकहत ने दूसरे दौर में वापसी की कोशिश की लेकिन वह पर्याप्त



नहीं रहा। निकहत ने अपने कोच की ओर इशारा करते हुए कहा 'क्या मुझे थोड़ा पानी मिल सकता है।' और फिर आधी भरी बोतल से एक घूंट लिया। उन्होंने कहा, 'माफ करना दोस्तों, मैं देश के लिए पदक नहीं जीत सकी। मैंने यहां तक पहुंचने के लिए बहुत त्याग किए हैं। मैंने इस ओलंपिक के लिए खुद को मानसिक और शारीरिक रूप से अच्छी तरह से तैयार किया था।'

निकहत ने जो बताया वो आश्चर्यजनक था। उसने कहा, 'मैंने पिछले दो दिनों से कुछ नहीं खाया था, मुझे अपना वजन नियंत्रित रखना था। मैंने पानी भी नहीं पिया था और वजन मापने के बाद ही मैंने पानी पिया लेकिन मेरे पास उबरने का समय नहीं था, मैं आज रिंग में सबसे पहले उतरी।' निकहत ने कहा को अपने पसंदीदा 52 किग्रा भार वर्ग से नीचे आना पड़ा क्योंकि यह पेरिस ओलंपिक में शामिल नहीं था। उन्होंने कहा, 'मैंने पिछले दो दिनों में कई बार लगातार एक घंटे तक दौड़ लगाई।' शायद इसी कारण थकान से उनके शरीर में तीनों राउंड तक चीन की प्रतिद्वंद्वी से मुकाबला करने की ताकत नहीं थी।

निकहत ने कहा, 'अगर मैं आज जीत जाती तो प्रयास की सराहना की जाती लेकिन अब यह एक बहाना लगेगा। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया।' दो बार की विश्व चैंपियन ने कहा कि वह अकेले यात्रा पर जाने और अपने परिवार के साथ कुछ अच्छा समय बिताने की योजना बना रही है क्योंकि वह दिल तोड़ने वाली हार से उबरने की दिशा में अपना पहला कदम उठा रही है। निकहत ने कहा, 'मैं छुट्टी पर जाऊंगी, अकेले यात्रा पर जाऊंगी। मैंने ऐसा कभी नहीं किया। यह बहुत जरूरी है। मैं अपने भतीजे और भतीजी के साथ समय बिताऊंगी। मैंने ऐसा लंबे समय से नहीं किया है। मैं मजबूती से वापसी करूंगी।'

निकहत ने इन सुझावों को खारिज कर दिया कि वह दबाव महसूस कर रही थीं लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि मुकाबला पूरी तरह से उनके विचारों पर हावी हो गया। उन्होंने कहा, '24 घंटे मेरा दिमाग इस मुकाबले पर था। मैं बस इसके बारे में सोचती रही। यह मेरे लिए सीखने का एक अच्छा अनुभव था। मैंने उससे पहले कभी नहीं खेली थी। वह तेज थी। मैं घर आने के बाद इस मुकाबले का विश्लेषण करूंगी।' निकहत ने 15 मिनट की बातचीत के दौरान बहादुरी से सवालों का जवाब दिया लेकिन आखिरकार वापस जाने से पहले रोने लगीं।

भारत के हाथों से एक पदक ऐसे छिन गया। लेकिन हमें सोचना होगा कि हम और निकहत क्यों नहीं सामने ला पा रहे हैं। जिस शूटिंग में स्वर्ण पदक की उम्मीदें रहीं, कांस्य से संतोष करना पड़ रहा है। आखिर जिन्होंने स्वर्ण जीता है, वो भी तो इंसान ही हैं। हर बार हम यही सोचते हैं कि अगली बार और तैयारी से ओलंपिक जाएंगे, लेकिन ऐसा हो नहीं पाता। हालांकि अभी कुछ उम्मीदें बाकी जरूर हैं, लेकिन पीवी सिंधु जैसी खिलाड़ी से अचानक बाहर होने की बात किसी ने नहीं सोची होगी। हाकी में ब्राजील से हारने का झटका जरूर लगा है, लेकिन सेमीफाइनल में टीम के पहुंचने से उम्मीदें बाकी हैं।

ओलंपिक को लेकर बातें तो बहुत की जाती हैं, लेकिन जिस स्तर की तैयारी की जानी चाहिए, शायद उसमें अभी भी कमी है। निकहत को ही ले लो, वजन के लिए मुकाबले के ऐन पहले भूखा रहना पड़ा। माना ये जरूरी था, लेकिन वजन कम करने वाली प्रक्रिया तैयारियों के दौरान भी तो पूरी की जा सकती थी। आखिर दूसरे देशों के खिलाड़ी कैसे संतुलन बना लेते हैं। चीन की जो खिलाड़ी जीती है, उसने भी तो कुछ किया ही होगा। हमें लगता है कि तैयारियों के दौरान जो सावधानियां बरती जानी चाहिए, शायद हम उन पर ध्यान कम देते हैं। कुश्ती में तो जिस तरह की राजनीति हुई, लड़कियों के शोषण के मामले सामने आए। इसके बाद भी बहुत राहत नहीं मिल सकी..। ये हालात उचित नहीं कहे जा सकते। हमें तो लगता है कि राजनीतिक हस्तक्षेप और खेलों में राजनीति जब तक रहेगी, शायद सही माहौल बना पाना मुश्किल ही होगा।

### जन्म-दिवस 3 अगस्त पर विशेष

# सादगी, प्रेम और सरलता से सम्पन्न असाधारण व्यक्तित्व राजेन्द्र शुक्ल



**ताहिर अली**

राजेन्द्र शुक्ल... मध्यप्रदेश के राजनीतिक क्षितिज में दैदीप्यमान वह प्रकाशपुंज हैं जो उज्जवल भविष्य, चहूँओर विकास को प्रदर्शित करता है। उनका नाम, विकास का भविष्योन्मुखी सोच का परिचायक है। उनकी दूरदर्शी सोच और उस सोच को धरातल में लाने की दृढ़ इच्छाशक्ति और जुझारू व्यक्तित्व उन्हो विशेष बनाता है। जन-जन के विकास के लिए बिना-रुके, बिना- थके सतत प्रयासरत श्री शुक्ल की विनम्रता उनके व्यक्तित्व को असाधारण बनाती है। शिखर पर पहुँचने के बाद भी विनम्र बने रहना सबसे बड़ा गुण है। जहां तक राजेन्द्र शुक्ल जी का सवाल है, उन्हें विनम्रता का पर्याय कहना किसी भी तरह की अतिशयोक्ति नहीं होगी।

निःस्वार्थ सेवा, अथक परिश्रम, गहन समर्पण, अटूट निष्ठा, जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदा तत्परता और लक्ष्य की ओर निरंतर यात्रा ने उन्हें भीड़ में अलग पहचान दिलाई है। वे नवोन्मेषी विचारक हैं। उनके अंतरात्मा में विचारों की निरंतरता हमेशा गतिशील रहती है। उनके नवाचार की ऊष्मा हर पल नए और विशिष्ट विचारों का जन्म देती रहती है। चुनौतियों और लक्ष्यों से लड़ने की दृढ़ शक्ति उनमें निहित है। सौंपे गए दायित्वों को कुशलता से निभाने की क्षमता का आकलन कर विरोधी भी उनकी प्रशंसा किए बिना नहीं रहते हैं। कैसी भी बाधाएँ समस्याएँ आ जायें, बिना समय व्यर्थ किए, बिना विचलित हुए वे सदैव समाधान के लिए प्रयास करते हैं। उनका मानना है कि अगर आप समाधान का हिस्सा नहीं है, तो आप खुद एक समस्या हैं।

वे मानते हैं कि श्रमेण सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः अर्थात श्रम से ही कार्य सिद्ध होते हैं, मात्र इच्छाओं से नहीं। लक्ष्य प्राप्ति के लिए सतत प्रयास करना सोच से भी महत्वपूर्ण है। सतत प्रयास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। यहाँ रश्मिरथी का यह उद्धरण प्रासंगिक है-

**खम ठोक ठेलता है जब नर, पर्वत के जाते पांव उखड़,**
**मानव जब जोर लगाता है, पत्थर पानी बन जाता है...**

राजेन्द्र शुक्ल जी का जीवन संघर्ष और सेवा का जीवंत उदाहरण है, जो हमें प्रेरणा देता है कि कैसे कठिनाईयों और संघर्षों के बीच भी एक व्यक्ति अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है और समाज के लिए आदर्श बन सकता है। श्री राजेन्द्र शुक्ल के व्यक्तित्व की उदारता, सहृदयता, संवेदनशीलता और सज्जनता के अद्भुत संयोजन में ऐसा व्यक्तित्व निर्मित हुआ है, जिसने सरल, सहज, उदार, स्नेही व्यक्तित्व की नई इबारत लिखी है। विशाल व्यक्तित्व के धनी का सशक्त पहलू व्यापक विचारधारा है। उनकी चिंतन क्षमता ने उनके व्यक्तित्व में व्यवहारिकता और अध्यात्मिकता का अनूठा संयोजन किया है। उनकी सफलताओं का आधार उनके करिश्माई व्यक्तित्व और अनूठी सोच है। विचारों की व्यापकता का रूचि-नीति में भी परिलक्षित होती है। उनका यहीं सेवा-भाव जरूरतमंद की मदद करने में दिखता है।

श्री शुक्ल में सेवा-संकल्प का समर्पित भाव, चुनौतियों की जिद और जूनून के साथ सामना करने का जज्बा उनके व्यक्तित्व के ऐसे पहलू हैं, जिन्होंने राजनीति को सेवा नीति में बदल दिया है। एक योगी की तरह हर आम-खास की बात, समस्या सुनना, मनन करना और जरूरतमंदों की सेवाभाव से मदद करना उनकी प्राथमिकता में रहता है। उनका यह ऐसा गुण है, जिसमें आम ÷जन÷ के ÷मन÷ से उनका एक गहरा और आत्मीयता पूर्ण रिश्ता बन जाता है।

श्री राजेन्द्र शुक्ल को कभी अपनी छवि निर्माण के लिए प्रयास नहीं करने पड़े। उनके कर्मठ व्यक्तित्व और सरल विनम्र स्वभाव ने उनकी छवि को इतना पुख्ता कर दिया है कि उसे धुंधला कर पाना संभव नहीं है। श्री शुक्ल के व्यक्तित्व का प्रभावी पहलू उनकी विशिष्ट संवाद क्षमता है। वे सीधे और सहज भाव से श्रोताओं के साथ सीधा सम्पर्क स्थापित कर उनकी समस्याओं का निदान करते हैं। सीधे संवाद की विशिष्ट क्षमता, विचारों की व्यापकता व्यवहार की सहजता, व्यक्तित्व की विशालता का अद्भुत संयोजन का ही नाम श्री राजेन्द्र शुक्ल हैं।

श्री राजेन्द्र शुक्ल असाधारण व्यक्ति वाले आम आदमी है। वे दिखते साधारण है लेकिन उनका व्यक्तित्व असाधारण रूप से विशाल और प्रतिभा संपन्न हैं। मानवीय संवेदनाओं, अनुभूतियों से उदार गुणों से भरा दिल है जो हर पल पीड़ित मानवता की सेवा के लिए धड़कता है। वे कार्यों पर जितनी चौकस निगाह रखते हैं, उतनी उनको चिंता है कि दरवाजे पर आए गंभीर रोग से पीड़ित और हर दुखियारे की मदद कर उसका दुःख-दर्द दूर किया जाए।



सहजता, सरलता, सौम्यता, शुचिता के साथ ही तत्परता और त्वरित गति से जन-समस्याओं का निराकरण; ये वे गुण होते हैं जो राजनीति के क्षेत्र में काम करने वाले व्यक्ति को एक ऊँचे मुकाम तक पहुँचाते हैं। विन्ध्य की धरती पर जन्में श्री राजेन्द्र शुक्ल के जीवन और उनके व्यक्तित्व-कृतित्व में ऐसे ही गुणों का समावेश है, जो सार्वजनिक जीवन में और राजनीति में काम करने की विशेषताएँ होती है, राजनीति उनके लिए सेवा का भाव रही है।

## मानव-सेवा के लक्ष्य शिरोधार्य

श्री शुक्ल ने पिता समाजसेवी स्व. श्री भैयालाल शुक्ल के गुणों और संस्कारों का अनुसरण करते हुए स्वयं को ढाला। धीर-गंभीर ऋषि-मुनि मानव सेवा के लक्ष्य में एक तपस्वी की तरह लीन रहना उनका लक्ष्य है। उनकी सेवा भावना की तपस्या को कभी किसी पद का लालच भंग करने का साहसी ही नहीं जुटा पाया है। मानव-सेवा के लक्ष्य को शिरोधार्य कर अनवरत प्रयासरत हैं।

## कर्मयोगी की साधना

श्री राजेंद्र शुक्ल का जन्म और प्रारंभिक शिक्षा रीवा, मध्यप्रदेश में हुई। रीवा में 3 अगस्त 1964 को जन्में श्री राजेन्द्र शुक्ल ने युवा अवस्था में ही राजनीति के प्रति अपनी रुचि बता दी थी, जब वे वर्ष 1986 में रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र संघ के अध्यक्ष चुने गए। वर्ष 1992 में युवा सम्मेलन का आयोजन करने में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रही। वे लायंस क्लब रीवा के लंबे समय से सदस्य रहे हैं। भाजपा मध्यप्रदेश की कार्य समिति के सदस्य और मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल के डायरेक्टर भी रहे हैं। श्री शुक्ल ने वर्ष 1998 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण की और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए गए। व्यवसाय कृषि, तैराकी के शौकीन पहली बार वर्ष 2003 में विधानसभा के लिए चुने गए और राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आवास एवं पर्यावरण रहे। उसके बाद उन्होंने निरंतर अपनी विजय को बरकरार रखा। योग्य, कुशल प्रबंधन और प्रशासनिक क्षमता के धनी श्री शुक्ल को जब भी जो जिम्मेदारी सौंपी गई, उन्होंने प्रबंधन कौशल का बेहतर प्रदर्शन कर उसे परिणाममूलक बनाया। अपने बेहतर प्रबंधन से राजनेताओं के सामने श्री शुक्ल ने अपनी पहचान को नए-नए आयाम दिए। विवादों से दूर रहकर बिना शोरगुल के काम करते रहने की नीति पर वे चले। राजनीति को राष्ट्र हित में रखते हुए वे राष्ट्रवादी चिंतन के साथ अपने कदम को आगे बढ़ाना चाहते हैं। श्री शुक्ल को तीन कार्यकाल में मंत्रीमंडल में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली। वे मंत्री पद की कसौटी पर भी सदैव खरे उतरे। नेतृत्व के प्रति निष्ठा और राज्य सरकार के लक्ष्यों और कार्यक्रमों को पूरा करने की प्रतिबद्धता श्री शुक्ल की विशेषता है। उनकी कर्मठता और लक्ष्य के प्रति संकल्पबद्धता को शब्दों के रूप में पिरोने के लिए बशीर बद्र की यह ग़ज़ल प्रासंगिक है-

**जिस दिन से चला हूं मेरी मंज़िल पे नज़र है,**
**आंखों ने कभी मील का पत्थर नहीं देखा**

श्री शुक्ल वर्ष 2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए और राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन, जैव विविधता तथा जैव प्रौद्योगिकी, खनिज साधन, विधि और विधायी कार्य और ऊर्जा मंत्री रहे। वर्ष 2009 में ऊर्जा एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का प्रभार संभालने के पश्चात, श्री शुक्ल ने गुजरात की ग्राम ज्योति योजना से प्रेरित होकर मध्यप्रदेश में भी अटल ज्योति योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के माध्यम से प्रदेश में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति के लक्ष्य को हासिल किया गया। ऊर्जा मंत्री के रूप में बिजली संकट जूझते हुए मध्यप्रदेश को रोशन करने की उन्हें चुनौती मिली। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप उन्होंने प्रदेश को बिजली संकट से उबारा। आज मध्यप्रदेश सरप्लस बिजली राज्य के रूप में खड़ा है। वर्ष 2012 में उन्हें मंत्री ऊर्जा, खनिज साधन बनाया गया। वर्ष 2013 में चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए और मंत्री, ऊर्जा, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, खनिज साधन, जनसम्पर्क, वाणिज्य, उद्योग और रोजगार, प्रवासी भारतीय विभाग का मंत्री बनाया गया। श्री शुक्ल ने जनसंपर्क मंत्री के रूप में भी एक अलग पहचान स्थापित की। पत्रकारों के हित में अनेक योजनाओं को अमली जामा पहनाया। श्री शुक्ल ने उद्योग तथा खनिज विभाग के दायित्व को बखूबी निभाया। वे प्रदेश में औद्योगिक क्रांति का संकल्प लेकर राज्य में उद्योगों का जाल बिछाने का पर कार्य किया। खनिज आधारित उद्योगों की स्थापना तथा राजस्व वृद्धि करने में सफलता पायी। वर्ष 2018 में चौथी बार विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए। श्री शुक्ल ने 26 अगस्त 2023 को कैबिनेट मंत्री के पद की शपथ ग्रहण की। मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जनसंपर्क विभाग रहे। वर्ष 2023 में पांचवीं बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए और 13 दिसम्बर 2023 को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वर्तमान में प्रदेश के हर क्षेत्र हर नागरिक तक सुलभ और उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच स्थापित करने के लिए वे कार्यरत हैं।स्वास्थ्य क्षेत्र में अधोसंरचना विस्तार, चिकित्सकीय और सहायक चिकित्सकीय मैनपॉवर और उपकरणों की उपलब्धता के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उनका लक्ष्य मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य के विभिन्न मानकों पर देश में शीर्ष पर ले जाना है। यह लक्ष्य बड़ा चुनौतीपूर्ण हैं पर कहते हैं

**कौन कहता है कि आसमां में सुराख नहीं हो सकता,**
**एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों**

निःसंदेह कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। मध्यप्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था ज़िम्मेदार और कुशल हाथों में है। इसके सुखद परिणाम शीघ्र ही परिलक्षित होंगे।

## विंध्य क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हर क्षेत्र में किए प्रयास

रात-दिन विन्ध्य के विकास का सपना देखने वाले श्री राजेन्द्र शुक्ल ने अपनी जन्म-भूमि विन्ध्य के विकास के प्रति अपने दायित्व को बखूबी निभाया। उन्होंने विन्ध्य क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा पर्यटन विकास को अपनी प्राथमिकता में रखा है। अपने क्षेत्र के विकास के लिए उनके ड्रीम प्रोजेक्ट्स मुकुन्दपुर व्हाईट टाईगर सफारी, चाकघाट से इलाहाबाद और हनुमना से बनारस फोर-लेन का निर्माण, हवाई पट्टी अथवा गुढ़ में विश्व का सबसे बड़े 750 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना हो। श्री शुक्ल ने रीवा के चौतरफा विकास में विशेष रुचि ली है। इसी के चलते रीवा विकास शहर के रूप में उभरा है। रीवा सहित पूरे विन्ध्य को यातायात और संचार के साधन मिलने के लिए उन्होंने कायाकल्प करने का संकल्प लिया है। रीवा बायपास न होने से यातायात अव्यवस्था से दुर्घटनाएँ होती थीं। चोरहटा से रतहरा बायपास बनवाकर रीवा में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ किया। श्री शुक्ल ने अपने समाजसेवी पिता स्व. श्री भैयालाल शुक्ल की प्रेरणा से रीवा में स्थित लक्ष्मण बाग गौ-शाला को आदर्श गौशाला बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अपनी तमाम व्यस्तता के बाद भी श्री शुक्ल लक्ष्मण बाग गौ-शाला में जाकर गायों की सेवा कर अपने पिता स्व. श्री भैयालाल शुक्ल जी को सच्ची श्रद्धाजंलि अर्पित करते हैं।

उनके नेतृत्व और प्रयासों से रीवा और विन्ध्य क्षेत्र को नई पहचान मिली है और वे निरंतर अपने क्षेत्र के विकास के लिए कार्यरत हैं। नवकरणीय ऊर्जा मंत्री रहते हुए, उन्होंने रीवा में एशिया के सबसे बड़े सोलर प्लांट की स्थापना की और इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकार्पित किया। श्री शुक्ल ने व्हाइट टाइगर को विन्ध्य क्षेत्र के मुकुन्दपुर वन क्षेत्र में वापस लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह क्षेत्र 46 वर्षों से व्हाइट टाइगर से वंचित था, जो कि विन्ध्य क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण राजनैतिक और भावनात्मक मुद्दा रहा है। वर्ष 2014 में स्थापित इस जू में आज भी हजारों देशी-विदेशी पर्यटकों का आकर्षण बना हुआ है।

श्री शुक्ल रीवा सहित विंध्य क्षेत्र के विकास के कार्यों में सदैव सक्रिय रहे हैं। रीवा में एयरपोर्ट सुविधा के लिए उनके प्रयास फलीभूत हुए और विध्य की देश के अन्य हिस्सों से कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। वे संभागीय मुख्यालय को महानगर बनाने की दिशा में भी सक्रिय हैं। उनके मंत्रिमंडल कार्यकालों के दौरान, वाणसागर के पानी से रीवा और विंध्य क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा में सतत वृद्धि हुई है। श्री शुक्ल के प्रयासों से रीवा में तालाबों और जल संरचनाओं का सौंदर्यीकरण और पुनरुद्धार हुआ है। उन्होंने सड़क, पुल, रिंग रोड, मठ, मंदिर, तीर्थ स्थलों का जीर्णोद्धार भी करवाया है। उन्होंने खाली पड़ी एवं अनुपयोगी जमीनों में पार्क और बागों का निर्माण करवाया है। रीवा विधानसभा के 41 गांवो को डी.पी.आई.पी. से जोड़कर करीब 42 स्वसहायता समूह के माध्यम से 41 गांवो में मछली पालन, सब्जी उत्पादन, दुग्ध डेयरी सहित अन्य रोजगार हेतु करीब 20 करोड़ से अधिक की राशि ग्रामीणों को उपलब्ध कराई गयी। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में तेज गति से विकास हुआ।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी विशेष अभिरुचि रही है। जगह-जगह वृक्षारोपण और ईको-पार्क, नगर वन तथा एपीएस वन का निर्माण करवाया है। युवाओं के खेलकूद के लिए उन्होंने विश्व स्तरीय मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया। बीहर नदी में रिवर फ्रंट का निर्माण भी उनके प्रयासों का परिणाम है। श्री शुक्ल के प्रयासों से संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। माखनलाल विश्वविद्यालय के रीवा परिसर की स्वीकृति, भवन निर्माण एवं संचालन के कार्य को मूर्तरूप देने का कार्य किया। रीवा विधानसभा में करीब 50 से अधिक विद्यालय भवन विहीन थे विद्यालय पेड़ो के नीचे संचालित थे। अभियान चला कर भवन निर्माण करवाया। 50 वर्ष से उन्नयन की बाट जोह रहे 5वीं से 8वीं करीब 25 विद्यालयों का उन्यन कराया गया। शिक्षा और संस्कृति के प्रति यह उनका समर्पण प्रदर्शित करता है। श्री राजेंद्र शुक्ल गौ-सेवा के कार्यों के लिए सदैव प्रयासरत रहे हैं। उनके द्वारा गौ-सेवा में जनमानस की सहभागिता एवं प्रयासों को आर्थिक रूप से लाभकारी बनाने की दिशा में प्रयास किए गये हैं। बसामन मामा गौ-अभयारण्य गायों की देखभाल और संरक्षण के उत्कृष्ट प्रयासों का मूर्त मॉडल है।

श्री शुक्ल स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता के महत्व को जानते हैं और सदैव इस दिशा में प्रयास करते रहे हैं। श्री शुक्ल के नेतृत्व में स्वच्छ रीवा-स्वस्थ रीवा मिशन के तहत नगर पालिक निगम रीवा में करीब 20 से अधिक सुलभ शौचालय का निर्माण कराया गया है, साथ ही अभियान चलाकर नगर नगर पालिक निगम रीवा के अन्तर्गत जितने भी शुष्क शौचालय थे उनके स्थान पर जलरहित शौचालय निर्माण आन्दोलन चलाया गया था। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए उन्होंने ज़िला चिकित्सालय का उन्नयन, सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल का निर्माण और चिकित्सकों की नियुक्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किये हैं। ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को मज़बूत करने के लिए वे सतत प्रयास कर रहे हैं, ताकि हर क्षेत्र के नागरिकों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएँ सुलभता से प्राप्त हो सकें।

और अंत में श्री शुक्ल की सोच और संकल्प को रेखांकित करती हुई दो पंक्तियाँ -

**भीड़ में भीड़ बनकर रहे तो क्या रहे**
**भीड़ में अपनी निजी पहचान होनी चाहिए।**

**सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक**
**जनसम्पर्क**

# शिक्षा व स्वास्थ्य पर पैसा होने के बावजूद खर्च क्यों नहीं?



**डॉ. अरुणा शर्मा**

कोई भी देश तब तक समृद्ध नहीं हो सकता, जब तक कि उसके युवाओं की प्रगति न हो। भारत को अपने अच्छे शिक्षण संस्थानों के कारण दुनिया में प्रतिष्ठा मिली है, चाहे वे प्रौद्योगिकी में हों, चिकित्सा में हों या सामाजिक-विज्ञान में। तकनीकी-इनोवेशन और मेडिकल-टूरिज्म में भारतीयों की भूमिका पर देश गर्व करता है।

हमारे कृषि शिक्षा संस्थानों ने कृषि-क्रांति में अपनी भूमिका निभाई है। लेकिन आज हमें स्वास्थ्य और शिक्षा पर कम खर्च के कारण आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। दुनिया भर में स्वीकृत प्रतिशत के मुकाबले कम खर्च करने के पीछे संसाधनों की कमी का हवाला दिया जाता है। जबकि शिक्षा और स्वास्थ्य में फंडिंग के लिए किए गए व्यय पर एक विशेष 'उपकर' बनाया गया है, क्योंकि देश के सभी नागरिकों को सुलभ और सस्ती शिक्षा-स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना ही सुशासन का पहला दायित्व है।

ध्यान रहे कि कर और उपकर के बीच अंतर यह है कि कर देश की समेकित निधि में जाता है जिसका कोई परिभाषित अंतिम उपयोग नहीं होता, जबकि उपकर का प्रयोजन स्पष्ट होता है और उसे उसी कार्य के लिए खर्च किया जाना होता है, जिसके लिए उसे लागू किया गया था।

वित्त वर्ष 2018-19 से ही नागरिक नियमित रूप से स्वास्थ्य और शिक्षा उपकर का भुगतान कर रहे हैं। दुर्भाग्य से अलग-अलग लेखांकन के बजाय यह राशि भारत के समेकित कोश में जा रही है, विशेष प्रयोजन फंड में नहीं, ताकि यदि किसी वित्तीय वर्ष में खर्च न किया गया हो तो उसे आगे ले जाया जा सके।





प्रत्येक उपकर का संग्रह संसद द्वारा एक सक्षम कानून के माध्यम से इसके गठन को अधिकृत करने के बाद किया जाता है। कानून में उस उपकर का उद्देश्य स्पष्ट किया जाता है, जिसके लिए धन जुटाया जा रहा है।

संविधान का अनुच्छेद 270 उपकर को उन करों के पूल के दायरे से बाहर रखने की अनुमति देता है, जिन्हें केंद्र सरकार को राज्यों के साथ साझा करना होता है। इसलिए केंद्र सरकार के लिए यह अनिवार्य है कि वह एकत्रित उपकर को उसके निर्धारित उद्देश्य के लिए ही खर्च करे, ताकि उसके द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की गुणवत्ता और मात्रा में सुधार हो सके।

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान स्वास्थ्य और शिक्षा उपकर के लिए 52,732 करोड़ रुपए एकत्र किए गए, जिनमें से 31,788 करोड़ रुपए या 60त्न प्रारंभिक शिक्षा कोष में स्थानांतरित कर दिए गए। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने पाया है कि वित्त वर्ष 2021-22 के संशोधित अनुमानों के अनुसार क्रमशः 25,000 करोड़ रुपए और 21,499 करोड़ रुपए माध्यमिक एवं उच्चतर शिक्षा कोश और प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा निधि को हस्तांतरित करने के लिए स्वीकृत किए गए थे। यहां यह न भूलें कि 52,732 करोड़ के संग्रह के मुकाबले केवल 46,499 करोड़ आवंटित किए गए थे।

संसद में वित्त मंत्री ने उपकर के लिए एकत्र इस धन को रखने के लिए विशेष प्रयोजन निधि की व्यवस्था करने की प्रतिबद्धता जताई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इसे 2022 में केवल इसके उद्देश्य के लिए ही खर्च किया जाए। लेकिन अभी तक कैग द्वारा इस मुद्दे को उठाए जाने के बावजूद ऐसा नहीं किया गया है।

वर्ष 2021-22 में 23,874 करोड़ रुपयों का हस्तांतरण न होने से उपयोग नहीं किया जा सका। कैग ने सरकारी खातों की अपनी नवीनतम लेखा-परीक्षा रिपोर्ट में पाया है कि केंद्र सरकार ने 2018-19 में विभिन्न उपकरों के माध्यम से एकत्र किए गए लगभग 2.75 लाख करोड़ रुपए में से 1.1 लाख करोड़ से अधिक भारत के समेकित कोश (सीएफआई) में रोक लिए हैं।

ऐसे में संसाधनों की कमी के कारण यह स्थिति नहीं बनी है, क्योंकि एकत्रित किया गया उपकर शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए व्यय में झलक नहीं रहा है। युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और भारत के सभी निवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए उपकर और उसके खर्च के पैटर्न की निगरानी करना सोशल ऑडिट के लिए अनिवार्य है।

मानव विकास सूचकांक में हमारे निम्न पैरामीटर आज इन कम खर्चों का ही परिणाम हैं। संविधान के अनुच्छेद 14 में कानून के समक्ष समानता अनुच्छेद 21 के तहत यह सुनिश्चित कर देती है कि किसी भी व्यक्ति को सुविधाओं आदि की कमी के कारण शिक्षा के अधिकार से वंचित नहीं किया जाएगा। और यही बात रियायती दरों पर हेल्थकेयर के अधिकार पर भी लागू होती है। **साभार।**

**(डॉ. अरुणा शर्मा प्रैक्टिशनर डेवलपमेंट इकोनॉमिस्ट और इस्पात मंत्रालय की पूर्व सचिव हैं)**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## विशाल फैब्रिक्स लिमिटेड बोर्ड ने प्रेफरेंशियल इश्यू के द्वारा 153 करोड़ और 100 करोड़ क्यूआईपी के द्वारा फंड जुटाने को मंजूरी दी

मुंबई एजेंसी। टॉप क्वॉलिटी स्ट्रेच डेनिम फैब्रिक के प्रमुख सप्लायर, विशाल फैब्रिक्स लिमिटेड (बीएसई- 538598) ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने 30.60 रुपये की न्यूनतम कीमत पर नॉन-प्रमोटर कैटेगरी के व्यक्तियों को प्रति वारंट कुल मिलाकर 153 करोड़ रुपये एफपीआई नॉर्थ स्टार अपॉर्चुनिटीज़ फंड वीसीसी बुल वैल्यू इनकॉर्पोरेटेड वीसीसी सब-फंड, एमिनेंस ग्लोबल फंड पीसीसी- यूबिलिया कैपिटल पार्टनर्स फंड और अन्य पब्लिक कैटेगरी के व्यक्ति सिल्वर स्टैलियन लिमिटेड और विकासा इंडिया ईआईएफ आई फंड प्रस्तावित जो आवंटियों में से हैं कन्वर्टिबल वारंट्स के प्रेफरेंशियल इश्यू को मंजूरी दे दी है। बोर्ड ने 100 करोड़ रुपये तक की कुल राशि एक या अधिक किश्तों हेतु योग्य संस्थान प्लेसमेंट को भी मंजूरी दे दी। फंड जुटाना कंपनी के शेयरहोल्डर्स के अप्रूवल और लागू रेगुलेटरी अनुमोदन की प्राप्ति के अधीन होगा।इसके अलावा, कंपनी ने फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही (30 जून 2024 को समाप्त तिमाही) के लिए शानदार कमाई की घोषणा की। ऑपरेशनल रेवेन्यू 33991.60 लाख रुपये रिपोर्ट किया गया। एबिटा सालाना आधार पर 28त्न बढ़ा और 2080.93 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली तिमाही) से 2668.71 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही) पहुंचा। शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 106त्न उछला और 231.86 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली तिमाही) से 477.83 लाख (फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही) हुआ।

## एचडीएफसी बैंक ने निवेश धोखाधड़ी के खिलाफ सावधानी बरतने का एक महत्वपूर्ण संदेश साझा किया

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने अपने ग्राहकों को धोखाधड़ी वाले ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म से सावधान रहने की सलाह दी है, जो ज्यादातर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से निवेश के अवसर प्रदान करते हैं। इसका उद्देश्य ग्राहकों की सुरक्षा के लिए संभावित निवेश धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। निवेश धोखाधड़ी के मामलों में धोखेबाज आमतौर पर स्टॉक, आईपीओ, क्रिप्टोकरेंसी, बिटकॉइन आदि में निवेश पर असामान्य रूप से उच्च रिटर्न का वादा करते देखे जाते हैं। इसमें नकली स्वचालित निवेश प्लेटफ़ॉर्म या ऐप बनाना शामिल है, जहां पीड़ितों को निवेश में उच्च रिटर्न का संकेत देने वाले नकली डैशबोर्ड दिखाई देते हैं। ऐसे प्लेटफॉर्म को सोशल मीडिया पर भी प्रचारित किया जाता है, जिसमें लोगों को इन उच्च रिटर्न वाली निवेश योजनाओं में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाता है, जो वास्तव में फर्जी हैं। धोखेबाज आमतौर पर सोशल इंजीनियरिंग रणनीति के माध्यम से लोगों का शोषण करते हैं, हालांकि सतर्क रहना और उचित परिश्रम के बाद ही लेन-देन करना धोखेबाजों से बचने में मदद करेगा।

## एडविक कैपिटल लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में शानदार कमाई की घोषणा की

**नई दिल्ली एजेंसी।** उभरती हुई गैर- डिपोजिट (जमाती) गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी एडविक कैपिटल लिमिटेड ने 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए शानदार कमाई की घोषणा की है। 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए, कंपनी ने ऑपरेशन से आय 22779 लाख रुपये दर्ज की, जिसमें सालाना आधार पर 49 प्रतिशत की वृद्धि हुई। प्रॉफिट बीफोर टैक्स में सालाना आधार पर 201 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 101.18 लाख रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में 304.77 लाख रुपये हो गई। शुद्ध लाभ में भी तिगुनी वृद्धि दर्ज की गई, जो वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 69.87 लाख रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में 234.97 लाख रुपये हो गई। इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि अपनी दीर्घकालिक व्यावसायिक रणनीति के हिस्से के रूप में और विभिन्न क्षेत्रों में अपने व्यापारिक हितों का विस्तार करने के लिए, वह एक व्यवस्थित रूप से महत्वपूर्ण एनबीएफसी बनने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस प्रतिष्ठित स्थिति को प्राप्त करने के लिए, एडविक कैपिटल प्रबंधन ने पहले ही अपनी व्यापार विस्तार रणनीति को लागू करना शुरू कर दिया है, जिसका उद्देश्य अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करना, और भविष्य की नई एज व्यवसायों में विविधता लाना है। समग्र मूल्यांकन पैरामीटर, और अपने व्यापार संचालन को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक अधिक संसाधनों को पूल करना, जोखिम, संचालन, शासन और प्रौद्योगिकी पर उद्योग के दिग्गजों को डोमेन विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त करना।

## सैमसंग गैलेक्सी जेड फोल्ड 6, जेड फ्लिप6, वॉच अल्ट्रा, वॉच7 और बड्स3 की बिक्री पर मिल रहे हैं आकर्षक ऑफर्स

गुरुग्राम, एजेंसी। सैमसंग के छठी जनरेशन के फोल्डेबल स्मार्टफोन के साथ ही दूसरे प्रॉडक्ट्स गैलेक्सी जेड फोल्ड 6, गैलेक्सी जेड फ्लिप6, गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा, वॉच7 और बड्स3 अब आपके नजदीकी रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध हैं। उपभोक्ता सैमसंग डॉट काम, अमेजन डाट इन और फ्लिपकार्ट पर भी इनकी खरीदारी कर सकते हैं। पिछली जनरेशन के फोल्डेबल की तुलना में पहले 24 घंटों में 40 प्रतिशत अधिक प्री-ऑर्डर हासिल कर गैलेक्सी जेड फोल्ड 6 और गैलेक्सी जेड फ्लिप6 रिकॉर्ड बना चुके हैं। गैलेक्सी जेड फोल्ड 6 और जेड फ्लिप6 अब तक के सबसे पतले और हल्के गैलेक्सी सीरीज डिवाइस हैं, और सीधे एज के साथ बिल्कुल सिमिट्रीकल डिजाइन के साथ आते हैं। गैलेक्सी सीरीज बेहतर आर्मर एल्युमीनियम और कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस 2 के साथ आते हैं, जो इसे अब तक की सबसे टिकाऊ गैलेक्सी सीरीज बनाती है। गैलेक्सी जेड फोल्ड 6 और जेड फ्लिप6 गैलेक्सी के लिए स्नैपड्रैगन 8 जेन 3 मोबाइल प्लेटफॉर्म से लैस हैं, जो अब तक का सबसे एडवांस्ड स्नैपड्रैगन मोबाइल प्रोसेसर और श्रेणी में सबसे बेहतरीन सीपीयू, जीपीयू और एनपीयू परफॉर्मेंस को साथ लेकर आता है।

## रीवा से गोविंदगढ़ रेल मार्ग पूर्ण, शीघ्र ही गोविंदगढ़ तक होगी रेल परिवहन की सुविधा:उप-मुख्यमंत्री शुक्ल



भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा से गोविंदगढ़ तक का रेलमार्ग बन चुका है। रेल संचालन के लिए रेल मंत्रालय को अनुमति पत्र भेजा जा चुका है। अनुमति प्राप्त होते ही रेल गोविंदगढ़ तक जाने लगेगी। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि गोविंदगढ़ से सीधी रेलमार्ग का कार्य जून 2025 तक पूर्ण हो जायेगा। 25 जून 2025 तक सीधी तक रेल का संचालन किया जाएगा। उप-मुख्यमंत्री ने रीवा कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में सतना से सिंगरौली रेल परियोजना की समीक्षा की। सांसद सीधी डॉ राजेश मिश्रा, पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय सहित प्रशासनिक एवं रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**औद्योगिक विकास को मिलेगी गति :** उप मुख्यमंत्री ने सतना से सिंगरौली रेल परियोजना की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण परियोजना विन्ध्य क्षेत्र की लाइफलाइन है। इसके बन जाने से विन्ध्य का सीधा जुड़ाव कलकत्ता से हो जाएगा और विंध्य क्षेत्र औद्योगिक कॉरिडोर से जुड़कर और तेज गति से प्रगति कर सकेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रशासन व रेलवे के अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर कार्य में आने वाली अड़चनों को दूर करें। उन्होंने सभी टनल्स तथा नदियों में बनने वाले पुलों का कार्य प्रारंभ तथा सीधी के रेलवे स्टेशन निर्माण कार्य को तत्काल प्रारंभ कराने हेतु रेलवे अधिकारियों को निर्देशित किया।

## इंदौर खंडपीठ से जागी दिग्विजय की उम्मीदें: गड़बड़ियों को लेकर कोर्ट ने राजगढ़ सांसद नागर को भेजा नोटिस

**कांग्रेस के राज्यसभा सांसद वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तंखा के ट्वीट के हवाले से यह जानकारी दी।**




भोपाल। मध्य प्रदेश में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में राजगढ़ से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे दिग्विजय सिंह को कोर्ट ने थोड़ी राहत दी हैं। दरअसल चुनाव में गड़बड़ियों की शिकायत लेकर दिग्विजय सिंह ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। जिसके बाद राजगढ़ लोकसभा चुनाव में गड़बड़ियों पर हाईकोर्ट में उनकी याचिका पर बीजेपी सांसद रोडमल नागर को नोटिस भेजा गया है। दिग्विजय सिंह की चुनावी याचिका पर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने नोटिस जारी किया है।

कोर्ट ने नोटिस में सांसद से जवाब मांगा है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तंखा के ट्वीट के हवाले से यह जानकारी दी। विवेक तंखा का ट्वीट दिग्विजयसिंह ने रिपोस्ट किया है। सांसद विवेक तंखा ने अपने ट्वीट में लिखा, ÷माननीय उच्च न्यायालय मप्र (इंदौर खंडपीठ) ने दिग्विजय सिंह जी द्वारा राजगढ़ लोक सभा चुनाव निर्णय के विरुद्ध चुनौती देनी वाली याचिका पे नोटिस इशू किया।÷

## हटा थाना क्षेत्र में दमोह पुलिस की बड़ी कार्यवाही,5 लाख का सट्टा पकड़ा गया 26 आरोपियों पर कार्यवाही



दमोह श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देश पर संदीप मिश्रा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह, के मार्गदर्शन में संपूर्ण जिले में अवैध जुआ/सट्टा के कारोबार में लिप्त एवं सट्टा का संचालन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में कल दिनांक 31.07.2024 को थाना हटा अंतर्गत चल रहे अवैध सट्टा पर कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक दमोह को मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर रक्षित केन्द्र दमोह एवं थाना हटा की पृथक-पृथक टीमों के द्वारा कस्बा हट्टा अंतर्गत संजय वार्ड में करिया गुड्डा ऊर्फ अमीर खान, राय चौराहा पर श्याम बर्मन एवं चंडी जी चौराहा पर अशोक पटेल के ठिकानों पर छापा मार कर कार्यवाही की गई। जहां से कुल 26 आरोपियों सहित 04 लाख 90 हजार रूपये (नोट एवं सिक्कों सहित) की नगद जप्ती की गई।

## अदाणी पोर्ट्स ने पहली तिमाही में दर्ज किया 3107 करोड़ का प्रॉफिट, आय 21 फीसदी बढ़ी





अदाणी पोर्ट्स के पूर्णकालिक निदेशक और ष्टश्वह्र अश्विनी गुप्ता ने कहा कि वित्तवर्ष 25 की शुरुआत काफी मज़बूत हुई है. वित्तीय मोर्चे पर हमने अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन किया है. पहली तिमाही में कार्गो वॉल्यूम 13 प्रतिशत बढ़कर 114.7 स्रूस्न हो गया है.

गुप्ता ने आगे कहा कि वृद्धि के मोर्चे पर हमने दो नए पोर्ट के कन्सेशन एग्रीमेंट और एक पोर्ट को ऑपरेशन और मैनेजमेंट का कॉन्ट्रैक्ट हासिल किया है. हमें इस बात की खुशी है कि हमारे चार पोर्ट को वर्ल्ड बैंक कंटेनर पोर्ट परफॉरमेंस इंडेक्स 2023 में जगह दी गई है.

कार्गो वॉल्यूम के तहत कंटेनर वॉल्यूम में सालाना आधार पर 18 प्रतिशत और लिक्विड एंड गैस वॉल्यूम में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत की बढ़त हुई है.

मुंद्रा पोर्ट ने अप्रैल-जून तिमाही में 51 एमएमटी कार्गो हैंडल किया है, जो एक तिमाही में किसी भारतीय पोर्ट द्वारा हैंडल किया गया सबसे ज्यादा कार्गो वॉल्यूम है. गंगावरम पोर्ट पर अस्थायी व्यवधान के कारण कंपनी को 5.7 एमएमटी का नुकसान हुआ, जिसे अब पूरी तरह से बहाल कर लिया गया है.

मुंद्रा, कट्टुपल्ली, हजीरा और कृष्णापट्टनम को विश्व बैंक के वर्ल्ड बैंक कंटेनर पोर्ट परफॉरमेंस इंडेक्स 2023 में शामिल किया गया है. यह इंडेक्स उत्पादकता, दक्षता और विश्वसनीयता सहित कई मापदंडों पर वैश्विक स्तर पर पोर्ट को मान्यता देता है.

अदाणी पोर्ट ने तंजानिया पोर्ट अथॉरिटी के साथ दार एस सलाम पोर्ट पर टर्मिनल 2 को मैनेज और ऑपरेट करने के लिए 30 वर्ष का कन्सेशन एग्रीमेंट साइन किया है.

नतीजों के बाद अदाणी पोर्ट्स के शेयर में तेजी देखने को मिली है. दोपहर 2¬40 पर शेयर एक प्रतिशत की तेजी के साथ ?1585 पर था. सत्र के दौरान अदाणी पोर्ट्स के शेयर ने ?1604 का उच्चतम स्तर और ?1568 का न्यूनतम स्तर छुआ.

## महिलाओं को किया जागरूक

**नरसिंहपुर।** जिले की ग्राम पंचायत कठौतिया के पंचायत भवन में मिशन शक्ति के सातवें सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं को दहेज, बाल विवाह रोकने और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। महिलाओं को वन स्टाप सेंटर में मिलने वाली सुविधाओं की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वन स्टाप सेंटर नरसिंहपुर की प्रशासक श्रीमती संध्या काले ने बताया कि कैसे हिंसा से पीड़ित महिलाओं को वन स्टाप सेंटर में एक ही छत के नीचे आश्रय, परामर्श, चिकित्सा, पुलिस सहायता कानून विधिक सहायता व अन्य आकस्मिक सहायता प्राप्त होती है। अब महिलाओं को कहीं भटकने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि महिलायें व बालिकायें सहायता के लिए हेल्पलाइन नम्बर 181, वरिष्ठ नागरिक हेल्प लाइन नम्बर 14567 और वन स्टाप सेंटर का दूरभाष नम्बर 07792- 350042 है। यह वन स्टाप सेंटर सातों दिन 24 घंटे खुला रहता है। इस दौरान सरपंच श्रीमती अहिल्या बाई साहू, सचिव, ग्राम सहायक और ग्राम की महिलायें मौजूद रहीं। उल्लेखनीय है कि जिले में हब फॉर एपारमेंट ऑफ वुमैन के 100 दिवसीय जागरूकता अभियान महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मोहिनी जाधव के मार्गदर्शन में 29 जुलाई से दो अगस्त तक मिशन शक्ति सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत जिले में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री ने की स्लीमनाबाद टनल निर्माण कार्य की समीक्षा, बोले- समय पर पूर्ण करें काम



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्लीमनाबाद टनल के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की और इसे निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में आयोजित इस बैठक में उन्होंने कहा कि आवासीय क्षेत्र के नीचे टनल निर्माण के दौरान विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। डॉ. यादव ने बताया कि बरगी व्यपवर्तन परियोजना के अंतर्गत स्लीमनाबाद टनल एक मेगा प्रोजेक्ट है, जो जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना और रीवा सहित आसपास के जिलों के किसानों को सिंचाई और ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराएगा। औद्योगिक इकाइयों को भी नहर प्रणाली के माध्यम से जल आपूर्ति होगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अन्य मेगा प्रोजेक्ट की सतत मॉनिटरिंग के लिए ऑनलाइन डैशबोर्ड बनाने के निर्देश भी दिए। बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, मुख्य सचिव वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास मनीष सिंह और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक मुकेश टंडन ने किया गर्ल्स कॉलेज का निरीक्षण

### निरीक्षण के दौरान कई खामियां मिलने पर दुरूस्त करने के दिए निर्देश



सांध्य प्रकाश, विदिशा। गुरूवार को विदिशा विधायक मुकेश टंडन गर्ल्स कालेज पहुंचे। जहां उन्होंने शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ कॉलेज की अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नए भवन का अवलोकन कर इसमें कई खामियां मिलीं, इसे नए सिरे से बनाए जाने की बात कही है। निरीक्षण के दौरान दो लायब्रेरियन नशे की हालत में मिले। जिनका मेडिकल कराने के लिए भेजा गया। उनकी सेवा समाप्ती की बात विधायक ने कही। इस दौरान एसडीएम क्षितिज शर्मा भी मौजूद रहे।

पिछले तीन दिनों से विदिशा विधायक मुकेश टंडन विभिन्न संस्थानों में पहुंचकर औचक निरीक्षण कर रहे हैं। पहले दिन जहां उन्होंने एमएलबी स्कूल और कन्या छात्रावास इंद्रा काम्पलेक्स का निरीक्षण किया था तो दूसरे दिन जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। वहीं तीसरे दिन गुरूवार को गर्ल्स कालेज का उन्होंने निरीक्षण किया। यहां उन्होंने शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ भवन की व्यवस्था का भी जायजा लिया। लैब में साफ-सफाई न होने से नाराजगी जाहिर की। वहीं कालेज भवन के नजदीक ही परिसर में नया भवन भोपाल विकास प्राधिकरण द्वारा बनाया गया था। इसकी गुणवत्ता को लेकर उन्होंने सवालिया निशान लगाते हुए छात्राओं की कक्षा लगने पर सुरक्षित नहीं माना है। उन्होंने कहा कि इसमें यदि दोबारा पेचवर्क भी किया जाएगा तो यह व्यवस्था आगे नहीं चल पाएगी। भवन निर्माण को लेकर एजेंसी के खिलाफ कार्यवाही के लिए पत्र लिखेंगे।

### कई शिक्षक मिले नदारद

निरीक्षण के दौरान कालेज में पदस्थ नियमित शैक्षणिक कार्य कराने वाले प्राध्यापक और कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इसके अलावा जन भागीदारी समिति की ओर से रखे गए पांच कर्मचारी के साथ अतिथि विद्वान के रूप में काम कर रहे चार अतिथि विद्वान भी अनुपस्थित थे। विधायक ने प्राचार्या से सभी की मौजूदगी 10 बजकर 40 मिनिट पर कॉलेज में होने के निर्देश दिए हैं।

### नशे में मिले लायब्रेरियन

निरीक्षण के दौरान जब विधायक लायब्रेरी पहुंचे तो वहां मौजूद लायब्रेरियन नशे की हालत में मिले। शंका होने पर विधायक ने दोनों कर्मचारियों का मेडिकल कराने के लिए भेजा और उनकी सेवा समाप्ती के संबंध में प्राचार्या नीता पांड को निर्देशित किया।

वहीं बताया गया कि पूर्व में भी नशे की हालत में काम करने की शिकायतें इन कर्मचारियों की मिल चुकी थी। विधायक ने कहा कि साढ़े 7 हजार बेटियां इस कालेज में अध्ययनरत हैं। उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी सभी की है। नशे में काम करने वालों की यहां कोई जगह नहीं है।

## विश्व स्तनपान दिवस पर जागरूकता शिविर आयोजित



**सांध्य प्रकाश, विदिशा।** अंतर्राष्ट्रीय स्तन पान सप्ताह 1 अगस्त से 7 अगस्त तक मनाया जाता है। इसके प्रथम दिवस गुरूवार को लायंस क्लब विदिशा सनराइज द्वारा जिले के माधवराव सिंधिया चिकित्सालय के सीएनसी एवं मेटरनिटी वार्ड में भर्ती प्रसुताओं को स्तनपान कराने हेतु जागरूकता शिविर लगाया। इस शिविर का आयोजन क्लब की अध्यक्ष अनामिका पचौरी एवं क्लब के वरिष्ठ लायन पूर्व रीजन चेयरपर्सन जीएस चौहान की योजना से आयोजित किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन एवं अधीक्षक डॉ. शिशिर रघुवंशी थे। विशेष अतिथि डॉ. उपाध्याय एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. एमके जैन एवं डॉ. सुरेंद्र सोनकर थे।

मुख्य अतिथि द्वारा सभी प्रसुताओं को बड़े अच्छे ढंग से समझाया गया की नवजात शिशुओं को आहार के रूप में मां को ही स्तनपान कराना क्यों जरूरी हैं क्योंकि इस दूध एंटीबायोटिक होते हैं जो कई प्रसिद्ध पीडियाट्रिक रोगों के रोकने में मदद करते हैं। सर्वप्रथम क्लब अध्यक्ष द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। जीएस चौहान द्वारा इस शिविर का उद्देश्य एवं इस सप्ताह के आयोजन के महत्व को बताया गया। सभी प्रसुताओं को पोष्टिक आहार के रूप में दलिया, एवं दूध का वितरण सभी अतिथियों एवं क्लब सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रीजन चेयरपर्सन संध्या सिलाकरी, जॉन चेयर पर्सन डॉ. आरती शर्मा, क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट शालिनी भार्गव, शोभित भार्गव, रोहित गर्ग, अमोल अग्रवाल, साहू, सुपर्णा राजपूत आदि मौजूद थे। अंत में हॉस्पिटल की ओर से शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेंद्र सोनकर द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## ग्वालियर:क्राइम ब्रांच ने की शॉर्ट एनकाउंटर, महिला हत्यारे को किया गिरफ्तार



ग्वालियर क्राइम ब्रांच ने आज सुबह एक शॉर्ट एनकाउंटर में महिला की हत्या करने वाले इनामी बदमाश आकाश जादौन को गिरफ्तार किया। मुरैना निवासी आकाश जादौन को ग्वालियर ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। इस एनकाउंटर में एक और आरोपी भी गिरफ्तार किया गया है।जब पुलिस आरोपी को पकड़ने पहुंची तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। इस दौरान आरोपी आकाश के पैर में गोली लगी। पुलिस टीम ने शिवपुरी लिंक रोड स्थित शीतला माता मंदिर के पास इस एनकाउंटर को अंजाम दिया। आकाश जादौन, जो कि एक कुख्यात लुटेरा है, के खिलाफ 22 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। वह अपनी गैंग के साथ लूट की वारदातों को अंजाम देता था।

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने बेला-सिलपरा मार्ग के निर्माण कार्य मे गति लाने के दिए निर्देश

भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कलेक्ट्रेट रीवा के सभागार में बेला-सिलपरा मार्ग के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अतिरिक्त संसाधनों से कार्य को गति दें। वर्षाकाल में भी कार्य चालू रखें। उन्होंने कहा कि जमीन स्तर का कार्य हो चुका है। नवीन निर्माण एजेंसी कार्य में अधिक तेजी के साथ कार्य करे। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि इस मार्ग की पूर्णता से रीवा शहर के चारों तरफ बाईपास व रिंग रोड का काम पूरा हो जाएगा साथ ही यह रीवा हवाई अड्डा जाने का भी मार्ग होगा। उन्होंने फोरलेन के इस मार्ग को सर्विस रोड के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने मार्ग में बीहर नदी में बनने वाले पुल, अन्य पुल-पुलियों तथा आरओबी के निर्माण कार्य की भी जानकारी ली। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, प्रभारी आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े सहित एनएचएआई के प्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



### नाम परिवर्तन सूचना

मैं Brajesh Kabra (पिता ) सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि कि पूर्व में मेरी पुत्री का नाम Aarohi brajesh kabra था। जो कि उसके पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरी पुत्री का नाम परिवर्तित होकर Aarohi Kabra हो गया है। अतः भविष्य में अब मेरी पुत्री को उसके नए नाम Aarohi Kabra D/O Brajesh Kabra से ही जाना व पहचाना जाए। ADDRESS : 302 premium tower 3 shalimar township AB road indore (M.P.) -452010

### नाम परिवर्तन सूचना

सभी को सूचित किया जाता है कि मैं Mahesh Parimal S/o Late Shri Dayalaji Bhai अपना पूर्व नाम Mahesh Kumar Parmar के स्थान पर नया नाम **Mahesh Parimal** लिखना चाहता हूँ। भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाऊंगा।
स्थान: भोपाल दिनांक: 01.08.2024
हस्ताक्षर
**Mahesh Parimal**
टी-3, 204, सागर लेक व्यू होम्स
वृंदावन नगर, अयोध्या बायपास रोड, भोपाल (म.प्र.)-462022

# बिना आधार कार्ड, बायोमेट्रिक्स के नहीं हो सकेगी रजिस्ट्रियां

## संपदा 2.0 सॉफ्टवेयर 15 अगस्त से होगा लागू

**सचिन चौरसिया**

छिंदवाड़ा (सांध्य प्रकाश) मध्यप्रदेश के कुछ जिलों में पायलेट प्रोजेक्ट के तौर में शुरू हुए संपदा 2.0 पूरी तरह से 15 अगस्त को लागू हो जायेगा. शुरूआत में इसे जिला मुख्यालय में लागू किया जायेगा। इस संपदा 2.0 सॉफ्टवेयर से उपपंजीयक कार्यालयों में रजिस्ट्री आसानी से हो जायेगी, रजिस्ट्री कार्यालय में भीड से निजात मिलेगी वहीं इस सॉफ्टवेयर के लागू होते ही किसी भी प्रकार की गाईडलाईन से गडबडी की संभावना नहीं के बराबर हो जायेगी. महानिरीक्षक पंजीयन भोपाल से मिले आदेश के बाद जिला पंजीयन विभाग ने जिले के सभी सर्विस प्रोवाईडरों को इस आशय का पत्र जारी कर दिया है इसमें विभाग ने बताया कि किस तरह सॉफ्टवेयर से रजिस्ट्रीयां होगी और कौन कौन सी तैयारियां सर्विस प्रोवाईडरों को करना है वहीं उनकी ट्रेनिंग भी करवाई जायेगी जिससे रजिस्ट्री करते वक्त सर्विस प्रोवाईडरों को कोई समस्या न हो।




### जीआईएस बेस्ड होगा सिस्टिम

रजिस्ट्री करने के लिए सर्विस प्रोवाडरों को जो क्रेता विक्रेता बताते है उनके अनुसार वह गाईडलाईन का उपयोग कर रजिस्ट्री का मूल्य निर्धारित करता है पर अब यह सॉफ्टवेयर जीआईएस बेस्ड होगा जो संपत्ति की लोकेशन गूगल मेप के माध्यम से सही आंकलन कर लेगा जिससे संपत्ति मूल्य में आने वाली गडबडी रूकेगी और विभाग के राजस्व में बढोतरी होगी।

### आधार से मोबाइल नंबर लिंक होना ज़रूरी

इस सॉफ्टवेयर में क्रेता विक्रेताओं का मोबाईल नंबर आधार नंबर से लिंक होना ज़रूरी होगा इसके बाद ही रजिस्ट्री का निष्पादन हो सकेगा अन्यथा उसके आधार नंबर लिंक करवाने के बाद ही वह रजिस्ट्री कर सकेगा। इससे लोगों की करोडो की संपत्ति सुरक्षित रहेगी वहीं रजिस्ट्री करने में समय भी बचेगा साथ ही नइ सॉफ्टवेयर से प्योरिटी, सिक्युंरिटी, क्लियरिटी बढेगी।

### ड्यूल स्क्रिन मानिटरिंग सिस्टम

उपंजीयक कार्यालय में संपदा 2.0 के तहत ड्यूल स्क्रिन मानिटरिंग सिस्टम रहेगा जिससे उपपंजीयक जो भी अपने सिस्टम में कार्यवाही करेगा उसे क्रेता विक्रेता अपनी स्क्रीन में देख सकेंगे ।

### रजिस्ट्री कार्यालय में सिर्फ बयान होंगे

उपंजीयक कार्यालय में पहले क्रेता विक्रेता के साथ गवाहों को भी जाना पडता था पर अब सिर्फ क्रेता विक्रेता को ही जाना होगा और उपपंजीयक बयान लेकर रजिस्ट्री निष्पा्दित कर देगा जिससे समय की बचत होगी और तय स्लॉट समय में रजिस्ट्री हो जायेगी।

### गवाह की जरूरत नहीं

इस सॉफ्टवेयर से रजिस्ट्री में लगने वाले 2 गवाहों को सिर्फ सर्विस प्रोवाईडरों के पास साईन करना होगा वहीं उन्हें अब उपपंजीयक कार्यालय जाने की जरूरत नहीं पडेगी इससे कार्यालय में अनावश्य्क भीड लगने से निजात मिलेगी।

### मेकर की जरूरत नहीं

उपपंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री करते वक्त होने वाले मेकर जिसमें क्रेता विक्रेता की फोटो के साथ साईन व गवाहों की फोटो के साथ साईन लेने का कार्य शासन के कर्मचारी करते थे अब उसकी भी जरूरत नहीं होगी, सर्विस प्रोवाईडर ही क्रेता विक्रेता के साथ गवाहों की फोटो व साईन ले लेगा.

### सर्विस प्रोवाईडरों को ये तैयारियां करनी होंगी

संपदा 2.0 के तहत रजिस्ट्री करने के लिए सर्विस प्रोवाईडरों को फ़िंगर प्रिंट डिवाईस, आईरिस डिवाईस, वेवकेम खरीदना होगा जिससे उन्हें रजिस्ट्री करने में कोई अवरोध न आएं।

## कार्यकर्ता आभार सभा में शामिल होंगे सांसद बंटी विवेक साहू

### सामाजिक संस्थाएं करेंगी सांसद का नागरिक अभिनंदन



**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू 3 अगस्त 2024 को विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे सांसद श्री साहू सुबह 10 बजे राष्ट्रीय हिंदू सेना के तत्वावधान में जवाहर बालक शाला में आयोजित स्वागत समारोह कार्यक्रम में शामिल होंगे। जहां हिंदू सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा सांसद का भव्य स्वागत किया जाएगा। सांसद बंटी विवेक साहू दोपहर 12 चौरई में आयोजित कार्यकर्ता आभार सभा में शामिल होंगे। दोपहर 3 बजे ऐतिहासिक विजय पर धन्यवाद ज्ञापित करने हेतु पूजा शिवी लान छिंदवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में छिंदवाड़ा विधानसभा के कार्यकर्ता का आभार व्यक्त करेंगे। सांसद जी का रात्रि 8 बजे श्री राम मंदिर छोटी बाजार में सामाजिक संस्थाओं द्वारा नागरिक अभिनंदन किया जाएगा।

## राजस्व महा अभियानके तहत पटवारियों की बैठक



अमरवाड़ा। अमरवाड़ा अनु विभाग विभाग के अनुभागीय अधिकारी हेमकरण धुर्वे एसडीम ने बुधवार को सब डिवीजन की उप तहसील बटका खापा के अंतर्गत आने वाले सभी पटवारीयो की समीक्षा बैठक लेने के उपरांत उप तहसील बटकाखापा कार्यालय एवं न्यायालय का निरीक्षण एसडीएम हेमकरण धुर्वे द्वारा किया गया, इस अवसर पर नायब तहसीलदार हिमांग प्रिया श्रीवास्तव तहसील स्टाफ, राजस्व निरीक्षक तथा पटवारी गण उपस्थित रहे।

## कारगिल दिवस की शौर्य गाथा चित्रकला प्रतियोगिता




**छिंदवाड़ा।** रोटरी क्लब ऑफ छिन्दवाड़ा प्राइड के द्वारा भारत भारती स्कूल छिंदवाड़ा में कारगिल विजय दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 105 बच्चो ने भाग लिया साथ ही क्लब के द्वारा छिन्दवाड़ा की माटी के लाडले सपूत शहीद विक्की पहाड़े जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए शहीद की धर्म पत्नी श्रीमती रीना पहाड़े जी का सम्मान रोटरी क्लब ऑफ प्राइड द्वारा किया गया।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सानिया लाहौरिया, ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर नियाशा जैन, तृतीय स्थान अर्चि दुबे रही ।इस अवसर पर भारत भारती विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती शोभा मिश्रा जी का मार्गदर्शन एवम सहयोग रहा। क्लब की अध्यक्ष अंजली नायक,सचिव अनिता बत्रा,कोषाध्यक्ष स्वेता जैन, हर्षा मक्कड़, निधि अग्रवाल,रीत डोडानी,नूपुर अग्रवाल, लवीना पोपली डॉ गरिमा जी,ऋचा राय,सहित बड़ी संख्या में रोटरी क्लब ऑफ प्राइड के मेंबर्स उपस्थित रहे।

## विधायक-सांसद की पहल पर बटकाखापा सिंगोड़ी में शासकीय महाविद्यालय की सौगात

**अमरवाड़ा।** विधानसभा उपचुनाव के दौरान सांसद विवेक बंटी साहू विधायक राजा कमलेश शाह द्वारा अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के बटकाखापा और सिंगोड़ी में शासकीय महाविद्यालय प्रारंभ करने की माँग प्रमुखता से मुख्यमंत्री मोहन यादव से की गई थी जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा चुनाव के बाद स्वीकृति का वादा किया था। वादा पूरा कर मुख्यमंत्री ने कार्यवाही प्रारंभ कर दी है । जानकारी देते हुए भाजपा नेता नितिन तिवारी ने बताया बटकाखापा,सिंगोड़ी के साथ पौनार में कॉलेज खोलने प्रतिवेदन पीजी कॉलेज के प्राचार्य के माध्यम से शासन ने बुलवाया है और ऑपचारिक कार्यवाहियों के बाद विधानसभा में शीघ्र तीन नये कॉलेज खुलेंगे। विधानसभा चुनाव में किए वादे पूरे करने विधायक राजा कमलेश शाह एवम् सांसद विवेक साहू लगातार सक्रिय है ।

## व्यापार एवं उद्योग केन्द्र छिंदवाडा में कोयला प्राप्ति के लिये ऑफलाईन आवेदन आमंत्रित

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम भोपाल के पत्र 22 जुलाई द्वारा प्रदेश के सूक्ष्म, मध्यम एवं वृहद उद्यमों को मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम के माध्यम से वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के लिये पूर्वानुसार कोयला प्राप्ति के लिये आवेदन ऑफलाइन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र छिंदवाडा में प्रस्तुत कर सकते हैं। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र छिंदवाड़ा ने बताया कि आवेदन का निर्धारित प्रारूप कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, छिंदवाडा से प्राप्त किया जा सकता है।

## स्टेडियम ग्राऊन्ड के सुधार में लगेंगे 40 लाख

### विभाग ने शासन से मांगे



छिंदवाड़ा। स्टेडियम ग्राउन्ड को सुधारने में 40 लाख रूपए लगेंगे, इसका इस्टीमेट राज्य शासन को भेजा गया है। कमलनाथ सरकार ने स्टेडियम में 22 लाख खर्च कर दिये किन्तु ग्राउन्ड में कोई सुधार नहीं हुआ। स्टेडियम में लगभग 100 खिलाड़ी रोज प्रेक्टिस करने आते है, वर्षा के बाद ठण्ड आ रही है। खिलाड़ियों की रूचि खेलों में बढेगी इसीलिए ग्राऊन्ड में सुधार हो सके। ग्राऊन्ड खराब होने के कारण यहां पर फुटबाल प्रतियोगितायें नहीं हो पा रही है।

### टेबिल टेनिस के लिए चाहिये 1.50 करोड़

इसी तरह टेबिल टेनिस का हॉल अधूरा पड़ा है, इसे पूर्ण करने में डेढ़ करोड़ रूपए लगेंगे, शासन ने बजट में कोई प्रावधान नहीं किया है, इसके लिए सांसद को प्रयास करने पड़ेंगे। टेबिल टेनिस हॉल में अभी तक दो करोड़ खर्च हो चुके ।

## जहर प्रकरण की निशपक्ष जॉच की मांग

### चौरसिया समाज ने एस पी को सौपा ज्ञापन




**छिंदवाड़ा।** विगत दिनांक 30/07/2024 को राजपाल चौक, छिन्दवाड़ा निवासी सौरभ चौरसिया के परिवार में जो घटना घटित हुई है, वह निंदनीय है, जिसको लेकर आज सकल चौरसिया समाज छिन्दवाड़ा के द्वारा पुलिस प्रशासन से उक्त सम्पूर्ण घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की है ताकि सत्यता सामने आ सकें।जिसको लेकर आज सकल चौरसिया समाज ने सिटी कोतवाली पहुंचकर सी.एस.पी को उक्त घटना की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर ज्ञापन दिया है।

विगत दिनों छिंदवाड़ा जिले के कोतवाली थाना के अंतर्गत राजपाल चौक में एक मामला सामने आया था जिसमे एक व्यापारी ने पैसे के लेनदेन को लेकर एक कर्जदार पर व्यापारी को जहर देने का आरोप लगाया था। जिससे कर्ज देने वाले व्यापारी की मौत हो गई थी। जिस पर व्यापारी के परिवार वालों ने राज्यपाल चौक निवासी सौरभ चौरसिया से कर्ज के रुपए लेने के आरोप लगाए थे। उक्त संपूर्ण घटना को लेकर आज सकल चौरसिया समाज जिला छिंदवाड़ा के द्वारा पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस अवसर पर चौरसिया समाज के अध्यक्ष धर्मेंद्र चौरसिया, समाज के वरिष्ठ गोविंद चौरसिया, अभिषेक, रूपेश, मदन, राजेश, हरीओम, दुर्गाप्रसाद, अमित, दिलीप, राजू चौरसिया सहित सकल चौरसिया समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## जुन्नारदेव शिक्षा विभाग गबन कांड के 16 आरोपियों पर एफआईआर दर्ज




**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव।** जुन्नारदेव में एक करोड़ 32 लाख रुपए गबन के मामले में छिंदवाड़ा कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने 16 लोगों पर एफआईआर दर्ज करवाई है। इसमें चार शासकीय कर्मचारी और अधिकारी तथा 12 अन्य लोग शामिल हैं। जो इस गबनकांड से जुड़े हुए थे। बुधवार देर रात जुन्नारदेव थाने में कलेक्टर के निर्देश पर ट्राइबल विभाग द्वारा गबनकांड के आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया गया है। बता दें कि बीते दिनों जबलपुर वित्तीय विभाग की टीम जॉइंट डायरेक्टर रोहित कौशल के नेतृत्व में जुन्नारदेव में वित्तीय लेनदेन की जांच करने पहुंची थी जहां पर टीम ने एक करोड़ 32 लाख रुपए की वित्तीय अनियमिता पाई थी। इस मामले में तत्कालीन बीईओ एमआई खान, तत्कालीन बीईओ श्री लोखंडे, लिपिक तौसीफ खान, लिपिक जगमोहन इनवाती पर गबन करने के आरोप लगे थे। जिनकी मिलीभगत से लिपिक तौसीफ खान ने अपने परिचितों और रिश्तेदारों के खाते में सरकारी रुपया डाला था। इनके अलावा अन्य 12 लोगों पर भी प्रकरण दर्ज किया गया है। गबनकांड के आरोपियों के ऊपर निलंबन की कार्यवाही भी शुरू हो गई है।

## पुलिस द्वारा पनडूब्बी मोटर चोर को गिरफ्तार किया



**छिंदवाड़ा।** असामाजिक, संदिग्ध, गतिविधियो व आपराधिक तत्वो, चोरी की वारदातो पर नियंत्रण व निगरानी सुनिश्चित कराये जाने हेतु निरंतर निर्देश व मार्गदर्शन दिये जा रहे है। दिये गये मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशन के क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक छिंदवाडा अवधेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम द्वारा अनुभाग स्तर पर नगर पुलिस अधीक्षक छिंदवाडा अजय राणा व थाना प्रभारी कुण्डीपुरा द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय कर थाना कुण्डीपुरा के अपराध क्रमांक 52/2024 धारा 379 भादवि प्रार्थी संदीप चंद्रवंशी की रिपोर्ट पर दिनांक 25/01/2024 को खेत से चोरी गई मोटर पंप पनडुब्बी एवं स्टाटर व अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु टीम गठित की जाकर अज्ञात आरोपियो का पता लगाकर आरोपीगण। 01 बबलू पिता रतन रघुवंशी उम्र 24 साल निवासी बोहनाखैरी थाना कुण्डीपुरा- 02 जितेन्द्र पिता जुगनू मालवी उम्र 32 साल निवासी बोहनाखैरी से प्रार्थी की मोटर पंप (पनडूब्बी) एवं स्टाटर कीमती 31600/- रूपये जप्त की गई है । गिरफ्तार आरोपीः- 01- 01 बबलू पिता रतन रघुवंशी उम्र 24 साल निवासी बोहनाखैरी थाना कुण्डीपुरा 02 जितेन्द्र पिता जुगनू मालवी उम्र 32 साल निवासी बोहनाखैरी।

सराहनीय भूमिकाः- थाना प्रभारी कुण्डीपुरा निरी. मनोज बघेल, उप निरी धर्मेन्द्र कुशराम , सउनि सफी उल्ला खान, प्र.आर.संतोष बघेल, प्र आर हरीश वर्मा, आर. जीवन रघुवंशी,करण रघुवंशी, पुष्पराज रघुवंशी महिला आर रजनी सनोडिया।

## पेंशन शिविर का आयोजन 10 अगस्त तक

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने बताया कि जबलपुर संभाग के संभागीय कमिश्नर द्वारा जिले में सेवानिवृत्त, मृत, स्वेच्छिक सेवानिवृत्ति आदि के लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण किये जाने के निर्देश दिये है। लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिये जिला पेंशन कार्यालय में 01 से 10 अगस्त 2024 तक विशेष पेंशन शिविर का आयोजन किया गया है। सभी विभाग प्रमुख एवं कार्यालय प्रमुख अपने विभाग एवं कार्यालय में लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण इस शिविर में अनिवार्य रूप से करायें ।

समय सीमा की बैठक...

## आयुक्त और महापौर ने विभिन्न शाखाओं कार्यो की समीक्षा कर निर्देश दिये




छिंदवाड़ा। नगर निगम सभाकक्ष में गुरुवार को समय सीमा की बैठक आयोजित हुई । इस बैठक में नगर निगम महापौर विक्रम अहके एवं नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने विभिन्न शाखाओं के महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत सभी वार्ड में पौधारोपण कराने के निर्देश सभी वार्ड उपयंत्रियों को दिए गए। इसके साथ आगामी दिवसों में पुनः वृहद स्तर पर जन सहयोग से पौधारोपण हेतु तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश बैठक में दिए गए। महापौर विक्रम अहके ने निकाय अंतर्गत कच्चे रास्तों एवं जलभराव वाले गढ्डों में गिट्टी चूरी डलवाने के निर्देश उपयंत्रियो को दिए। महापौर ने आवारा पशुओं पर की जाने वाली कार्यवाही को तीव्र करने की निर्देश देते हुए शहर के मुख्य मार्गो एवं चौराहों से पशुओं को कांजी हाउस लाने एवं पशुस्वामी पर नियमानुसार जुर्माना लगाने के निर्देश दिए भी बैठक में दिए।नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने बैठक में सभी स्वच्छता निरीक्षकों को अभियान चलाकर शहर जलभराव स्थलो एवं संभावित क्षेत्रों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए जहां डेंगू, मलेरिया अथवा अन्य बीमारी के वायरस हों। नाली सफाई एवं सड़क पर झाड़ू लगाने के बाद तत्काल कचरे की ढेरियां उठवाने के निर्देश भी बैठक में दिए गए। आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत इमलीखेड़ा एमआईजी आवास में रोड, पाइप लाइन एवं विद्युत संबंधी कार्य को एक माह के भीतर पूरा कराने के निर्देश दिए गए। विगत दिनों उपयंत्रियो को डिम्न्ड भवन अनुज्ञाओ के जांच के निर्देश दिए गए थे , जिसकी रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया कि भू स्वामियों द्वारा तथ्यों को छिपाकर एवं असत्य जानकारी देकर भवन अनुज्ञा को प्राप्त किया है, ऐसे सभी भवन अनुज्ञा पर कार्यवाही हेतु प्रकरण तैयार करने के निर्देश भवन निरीक्षकों को बैठक में दिए गए। इसके साथ ही आयुक्त ने जनसुनवाई, कलेक्टर टीएल, सीएम हेल्पलाइन, उत्तरा पोर्टल, महापौर हेल्पलाइन सहित निगम टीएल के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की एवं समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए।

## 172 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जप्त

### अवैध कच्ची शराब करोबारियो पर कार्यवाही



**छिंदवाड़ा।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अति.पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह एवं नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के द्वारा पूर्व से ही अपराधो के नियत्रंण हेतु, जुआ सट्टा एवंआबकारी एक्ट में कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश जारी किये गये है। इसी तारतम्य में थाना कुण्डीपुरा में वरिष्ट अधिकारियो से दिशा निर्देश प्राप्त कर थाना प्रभारी कुण्डीपुरा द्वारा टीम गठित कर ग्राम रंगीन खापा एवं पुलपुल डोह से मुखबीर सूचना के दौरान 03 अलग - अलग आरोपियो के कब्जे से 172 लीटर हाथ भट्टी महुआ की कच्ची शराब कीमत करीबन 25000/-रूपये की आरोपी (01) रामकृष्ण परतेती पिता साकूलाल परतेती उम्र 35साल निवासी ग्राम रंगीन खापा के कब्जे से 60 लीटर (02) शोभाराम डेहरिया पिता दल्लू डेहरिया उम्र 50 साल निवासी ग्राम पुलपुल डोह के कब्जे से 56 लीटर (03) अभिषेक पंद्राम पिता लक्ष्मण पंद्राम उम्र 21 सालनिवासी ग्राम रंगीन खापा के कब्जे से 56 लीटर शराब जप्त कर क्रमशः अपराध क्रमांक(01) 233/24,(02)234/24,(03) 235/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के मामले कायम किये गये है ।जप्त सुदा हाथ भट्टी महुआ की कच्ची शराब - 172 लीटर हाथ भट्टी महुआकी कच्ची शराब कीमती करीबन 25000/-रूपये है ।

## एक शाम रफी के नाम




छिंदवाड़ा। सांस्कृतिक संस्था मोहम्मद रफी मेमोरियल अवॉर्ड आर्गेनाइजेंशन ने मो.रफी साहब की 44 वीं पुण्यतिथि का आयोजन इंदिरा प्रियदर्शनी साइंस कॉलेज परासिया रोड़ छिन्दवाड़ा में किया गया। सांस्कृतिक संस्था के संस्थापक स्वरूप कुमार ''स्वप्निल '' डोहले ने बताया कि सन् 1980 से मो.रफी साहब की याद में उनके गाए गीतों की सुरमयी शाम शहर के कलाकार द्वारा सजाई जाती रही है। छिन्दवाड़ा रेडियो स्टेशन की उद्घोषिका एवं जानी मानी कवियित्री गीतांजली ''गीत '' की अध्यक्षता में दीप प्रज्जवलित कर माँ सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम की शुरूवात की गयी । स्वरूप कुमार '' स्वप्निल '' डोहले ने बताया है कि मो. रफी साहब के गाये गीतों की लेगेसी वो जो छोड़कर गये है उन्हें अगली जनरेशन तक पहुंचाने का कार्य शहर के सभी गायक कलाकार कर रहें है। आगे स्वरूप कुमार '' स्वप्निल '' डोहले ने बताया कि मो.रफी साहब की मृत्यु का समय रात्रि 10:25 बजे था ठीक उसी समय कॉलेज के सभाग्रह में सभी कलाकारों ने 31/07/2024 को रात्रि 10:25 पर मो.रफी साहब को श्रद्धांजलि दी गई। सभी गायक कलाकारों स्वरूप कुमार '' स्वप्निल '' डोहले ,कुमरेश घोघरे ,दीपक नायक ,मनोज बोन्डेकर ,कमलेश पाटिल ,कु.रियांशी लोखंडे ,प्रेमलता उइके ने गीत गाकर खूब हंसाया ,गुदगुदाया ,संगीत प्रेमियों ने खूब तालियॉं बजाई। स्वरूप कुमार '' स्वप्निल '' डोहले ने बताया कि केमरा आर्ट फिल्म प्रोडक्शन के डायरेक्टर अभिजीत सिंह परमार एवं डॉस डायरेक्टर अर्चना लोखंडे ,देवेन्द्र उपासनी का सम्मान संस्था के गायकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा सुरेश मोहने द्वारा किया गया ।

# गंगवाहा में बढ़ रहे उल्टी दस्त के मरीज, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**छतरपुर।** राजनगर जनपद के ग्राम गंगवाहा में उल्टी दस्त के मरीजों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जिला प्रशासन ने गांव में डॉक्टरों की टीम का कैम्प भी लगा दिया है। उसके बाद भी मरीजो की संख्या कम नहीं हो पा रही है। कलेक्टर संदीप जीआर ने गुरुवार को गांव में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर का औचक निरीक्षण किया। साथ ही डॉक्टरों एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्राम गंगवाहा के सतेन्द्र पुत्र कल्याण सिंह यादव (13), ऊषा पुत्री बृज कुमार आदिवासी (डेढ़ वर्ष), रोशनी पुत्री रामचरण आदिवासी (डेढ़ वर्ष) 31 जुलाई को तथा गीता पुत्री संतोष आदिवासी, दिलीप पुत्र जगन्नाथ आदिवासी, मोविक पुत्र राममिलन आदिवासी, चांदनी पुत्री गजेन्द्र आदिवासी, भारती पुत्री देवीदीन आदिवासी को आज 108 एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

कलेक्टर ने डॉक्टरों को गांव के सभी लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए आवश्कतानुसार स्वास्थ्य उपचार करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जनपद सीईओ को गांव में बेहतर साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों से बच्चों के खान पान पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा बच्चों को नुकसानदायक चीजों एवं दूषित खाद्य पदार्थ नही खाने दें। जिससे बच्चों को उल्टी दस्त जैसी स्वास्थ्य समस्याएं न हो और बच्चे स्वस्थ रहें। कलेक्टर ने ग्राम में जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए कार्य को प्रगतिनुरूप करने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने ली बच्चों की क्लास

कलेक्टर श्री जीआर ने गांव के आंगनबाड़ी केन्द्र, केन्द्र के रसोई घर एवं शासकीय शाला का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों के भोजन में मुनगे के पत्ते एवं पालक को मिक्स कर बनाने के निर्देश दिए। साथ ही शासकीय स्कूल में पहुंचकर बच्चों की कक्षा ली और पढ़ाई के संबंध में चर्चा की।

### एसपी अगम जैन ने बस स्टैंड पर किया जनसंवाद

छतरपुर। एसपी अगम जैन ने गुरुवार की रात बस स्टैंड पर जनसंवाद कर लोगों की समस्याएं सुन कर उनका निराकरण करने आश्वासन देकर कहा कि बस स्टैंड पर किसी की गुंडई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसंवाद में सीएसपी अमन मिश्रा, कोतवाली टीआई अरविंद कुजूर तथा पुलिस बल के साथ बस आपरेटर, रिक्शा चालक, टैक्सी चालक, दुकानदार, बस कर्मचारी, पत्रकार लोग मौजूद थे। इस अवसर पर लोगों ने बताया कि बस स्टैंड पर आल इंडिया परमिट बसों के कारण गुंडागर्दी होती है इसलिए इन बसों को बस स्टैंड पर नहीं लगने दिया जाए। लोगों ने बसों में किराया सूची न लगी होने से ज्यादा किराया वसूलने की शिकायत की। लोगों ने कहा कि बसों के आगे फल ठेले लगने से दिक्कत होती है। इतना ही नहीं बसें लाइन से खड़े न होने पर दुकानदारी प्रभावित होती है। एसपी को यह भी बताया गया कि रात में कुछ बसें स्टैंड पर खड़ी रहती हैं जबकि उनका नम्बर सुबह का होता है। इन बसों की आड़ में दारूखोरी होती है।

### कक्षा में सोते हुए वीडियो वायरल होने पर देवगांव स्कूल की शिक्षिका निलंबित

छतरपुर। कलेक्टर संदीप जीआर ने प्राथमिक शिक्षक प्राइमरी स्कूल देवगांव की शिक्षिका संध्या खरे को निलंबित कर दिया। शिक्षिका का सोशल मीडिया पर विद्यालय के समय में सोते हुए का वीडियो वायरल होने पर कलेक्टर ने कार्यवाही हुई है। कलेक्टर के निर्देशन में जनशिक्षक जनशिक्षा केन्द्र गंज द्वारा देवगांव स्कूल का निरीक्षण किया था, निरीक्षण के दौरान छात्र उपस्थिति अत्यन्त न्यून पाई गई, एफएलएन कक्षा 1 व 2 के अवलोकन उपरांत यह प्रकाश में आया कि शिक्षण कार्य नहीं कराया जा रहा है, पाठ्य योजना का उपयोग शिक्षण मे नही हो रहा है, वर्क बुक का कार्य भी कार्य सप्ताह अनुसार नहीं कराया जा रहा है। श्रीमती खरे एफएलएन कक्षा 1 व 2 की प्रभारी है, तदानुसार उनके द्वारा पदीय दायित्यो का निर्वाहन शासन की मंशा के अनुरूप नही किया जा रहा था। जिसे दृष्टिगत कर संबंधीजन के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु प्रस्ताव प्राप्त होने पर कार्यवाही की गई है। उन्हें विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी लवकुशनगर अटैच किया गया है।

# सिंगारपुर बाजार की बदहाली पर प्रशासन ने की कार्यवाही

## ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने बाजार से हटवाया कीचड़

**मंडला/अजीत पटेल**--जिले के जनपद पंचायत मोहगाँव अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंगारपुर के साप्ताहिक बाजार जो प्रत्येक शनिवार को वर्षों से लगता है बारिश में बाजार बदहाली का शिकार हो चुका था,बता दें कि सिंगारपुर बाजार की इस बदहाली को लेकर दैनिक सांध्य प्रकाश द्वारा प्राथमिकता से शासन-प्रशासन को अवगत कराया गया खबर की इस अवगत पर प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई की और

क्षेत्र की इस बाजार की बदहाली को देखते हुए शासन-प्रशासन को जागृत करने हेतु जिले से लेकर प्रदेश तक खबर का प्रकाशन द्वारा दैनिक सांध्य प्रकाश के इस खबर पर जिम्मेदारों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आसपास के लगभग 20- 25 ग्रामों के केंद्र बिंदु माना जाने वाला इस बाजार जो बारिश में बाजार श में कीचड़ का अड्डा बना हुआ था दुकानदारों ने अपनी समस्याएं को दैनिक सांध्य प्रकाश बाजार क्षेत्र की बदहाली के विषय पर समाचारों में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया जिस पर ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने हरकत में आये और बाजार क्षेत्र में कीचड़ को हटाने का तत्काल कार्य कर बजरी डलवाने का काम किया जा रहा है।जिससे बाजार में व्यापारियों को दुकान लगाने में सुविधाएं हुई। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच अंजनी मरावी, उपसरपंच राजेश चक्रवर्ती, सचिव गोपाल धुर्वे, रोजगार सहायक सुरेश विश्वकर्मा सहित पंचायत के पंचगण व ग्राम के नागरिक गण के साथ -साथ बाजार क्षेत्र के सभी दुकानदारों ने दैनिक सांध्य प्रकाश का आभार व्यक्त किया है।

### सिंगारपुर बाजार बदहाली का शिकार

### ग्राम पंचायत जनप्रतिनिधि नहीं दे रहे ध्यान



मंडला। जिले के जनपद पंचायत मोहगाँव अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंगारपुर के साप्ताहिक बाजार बदहाली का शिकार बता दें कि सिंगारपुर बाजार क्षेत्र के सबसे बडी बाजार है, यह आसपास के लगभग 20- 25 ग्रामों के केंद्र बिंदु माना जा रहा है। लेकिन बारिश में बाजार क्षेत्र में कीचड़ का साम्राज्य है जिससे बाजार के दिन दुकानदारों को अपनी दुकान लगाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम के समाज सेवी सुनील दुबे ने बताया कि सिंगारपुर बाजार की नीलामी प्रति वर्ष किया जाता है लेकिन बाजार क्षेत्र में व्यापारियों के लिए कुछ भी व्यवस्था नहीं की जा रही है। देखा जाए तो बाजार क्षेत्र में कीचड़ का साम्राज्य है जिससे बाजार में व्यापारियों को दुकान लगाने में भारी परेशानियां हो रहा है। ग्राम पंचायत सिंगारपुर के जनप्रतिनिधियों को बाजार की बदहाली स्थिति की ओर कुछ भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे व्यापारियों, आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**बाजार क्षेत्र में सार्वजनिक प्रसाधन बना गंदगी का अंबार**

सिंगारपुर बाजार क्षेत्र में सार्वजनिक प्रसाधन में गंदगी का अंबार होने से लोगों को यहाँ पर लघु शंका करने में परेशानियों का सामना करना पडता है। बाहर से आने वाले व्यापारियों को नाक बंद कर लघुशंका करना पड रहा है। इस प्रकार से बाजार क्षेत्र में गंदगी का अंबार होने से लोगों में बीमारियों का खतरा बना हुआ है।

# मध्य प्रदेश के शहरों में नाइट मार्केट खोलने पर एक राय नहीं, अटका श्रम विभाग का प्रस्ताव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के बड़े शहरों में मॉल, रेस्टोरेंट, आईटी पार्क, मुख्य बाजार और बिजनेस सेंटर सातों दिन 24 घंटे खोले रखने का मामला अटक गया है। श्रम विभाग के इस प्रस्ताव पर एक राय नहीं बन पा रही है।



नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रस्ताव से असहमति जताते हुए कहा है कि इससे कानून-व्यवस्था और स्वच्छता प्रभावित होगी। बता दें, श्रम विभाग ने भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन समेत सभी 16 नगर निगम और औद्योगिक क्षेत्रों में बाजार रात भर खोलकर रखने का प्रस्ताव तैयार करके संबंधित विभागों से अभिमत मांगा था। उल्लेखनीय है कि इंदौर में नाइट मार्केट व व्यवसाय के संचालन पर रोक लगाई जा चुकी है।

मध्य प्रदेश में जिस तरह से व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ रही हैं, उसके अनुरूप शहरी और औद्योगिक क्षेत्रों में सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए 24 घंटे माल, रेस्टोरेंट, मुख्य बाजार और बिजनेस सेंटर 24 घंटे खोलकर रखना श्रम विभाग ने प्रस्तावित किया था।

**पहले इंदौर और भोपाल में शुरू करने का था प्रस्ताव-** पहले इसे पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर भोपाल और इंदौर में करना प्रस्तावित किया गया था, लेकिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी नगर निगम क्षेत्रों में इसे लागू करने के लिए कहा है। इसके बाद श्रम विभाग ने मध्य प्रदेश दुकान स्थापना अधिनियम 1958 के नियम की धारा 6 में संशोधन प्रस्तावित कर विधि विभाग को भेजते हुए नगरीय विकास एवं आवास सहित अन्य विभागों से अभिमत मांगा।

# नगर पालिका के नवीन सह व्यवसायिक परिसर दुकानों का हुआ आरक्षण

## अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति पिछड़ा वर्ग सहित दिव्यांग कोटे की दुकानों का हुआ आरक्षण




**बैरसिया।** बुधवार को नगर पालिका द्वारा अपने नगर के शक्तिमान चौराहे पर नवीन व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स मैं बनाई जा रही 36 दुकानों का आरक्षण किया गया जिसमें नगर के सभी व्यवसायिक सामाजिक एवं वरिष्ठ नागरिक कार्यक्रम में उपस्थित हुए नगर पालिका द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आरक्षण की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए नगर के लोगों को आमंत्रित किया था ऐसा पहली बार होगा जब नगर में बनाई जा रही दुकानों का आरक्षण किसी कार्यक्रम के माध्यम से किया गया इस कार्यक्रम के तहत लाटरी के माध्यम से 36 पर्चीया पात्र में भर कर बारी बारी से आरक्षण की प्रक्रिया की गई जिसमें अनुसूचित जाति के लिए 6 दुकान ,अनुसूचित जनजाति के लिए 1 दुकान , विधवा महिलाओं के लिए 2 दुकान, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 2 दुकान ,साथ ही दिव्यांग कोटे से 1 दुकान, आरक्षित की गई है साथ ही 24 दुकाने अनारक्षित रखी गई है इस मौके पर नगर पालिका के अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप सिंह राठौड़ नगर पालिका सीएमओ प्रभारी जाहिद अली नगर के वरिष्ठ समाजसेवी अमरजीत गांधी, वरिष्ट नेता रमेश शर्मा पंकज गट्टानी नगर पालिका के पार्षद गण सहित नगर पालिका के कर्मचारी अधिकारी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी वरिष्ठ जन उपस्थित थे।



भदभदा बांध

# भोपाल में रात भर से बारिश, भदभदा डैम के 4, कलियासोत के 1 गेट खोले





**भोपाल।** भोपाल में गुरुवार-शुक्रवार रात भर से रुक-रुक कर कभी धीमी तो कभी तेज बारिश हो रही है। तेज बारिश के कारण कलियासोत डैम के 3 गेट आधे खोले गए। वहीं, भदभदा डैम के पांच गेट भी खोल दिए गए। इससे पहले, भदभदा डैम के एक गेट खोला गया था। करीब दो तीन घंटे बाद चार गेट और खोल दिए गए। महापौर मालती राय ने गेट खोला। तेज बारिश से घुंसी नदी भी उफान पर है।



तवा बांध



महापौर मालती राय ने आज लगातार बारिश के चलते पूजा अर्चना कर भदभदा डैम के 2 गेट खोले। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य रविंद्र यति, निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण, अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग, प्रभारी कार्यपालन यंत्री जेडए खान एवम निगम कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

तेज बारिश के कारण कई इलाकों में पानी भर गया। कोलार में जेके हॉस्पिटल रोड पर भी पानी भर गया। अयोध्या बायपास, विदिशा रोड, होशंगाबाद रोड, कटारा हिल्स समेत कई इलाकों में सड़कों पर जलभराव की स्थिति है। भोपाल की लाइफ लाइन बड़ा तालाब में पानी का लेवल 1666 फीट तक पहुंच गया है। यानी, तालाब अब सिर्फ 0.80 फीट ही खाली है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को सीहोर और भोपाल जिले में तेज बारिश होने अलर्ट जारी है। भोपाल में अब तक करीब 27 इंच बारिश हो चुकी है, जो सीजन की 71 प्रतिशत है। भोपाल में कुल सामान्य बारिश 37.6 इंच है।

**अगस्त में 14 दिन बारिश का ट्रेंड, पहले दिन डेढ़ इंच गिरा-** अगस्त के महीने में भोपाल में एवरेज 14 दिन बारिश होने का ट्रेंड है। इस महीने 13 इंच पानी बरसता है। इस बार पहले ही दिन 40 मिमी यानी, डेढ़ इंच बारिश हो गई। मौसम विभाग ने अगले 4 दिन तक तेज बारिश होने का अनुमान जताया है। ऐसे में ओवरऑल बारिश का आंकड़ा 30 इंच के पार हो सकता है।

**बड़ा तालाब अब 1 फीट से भी कम खाली-** भोपाल की लाइफ लाइन बड़ा तालाब में गुरुवार शाम तक पानी का लेवल 1666 फीट तक पहुंच गया है, जबकि फुल टैंक लेवल 1666.80 फीट है। इस हिसाब से तालाब अब 0.80 फीट ही खाली नहीं है। गुरुवार को कैचमेंट एरिया में बारिश होने से 0.15 फीट पानी बढ़ गया। बता दें कि भोपाल की तीन वाटर बॉडी यानी, बड़ा तालाब, भदभदा और कलियासोत डैम एक-दूसरे से जुड़े हैं। कोलांस नदी का पानी सबसे पहले बड़ा तालाब में पहुंचता है। भोपाल में इस साल सामान्य से 106 प्रतिशत बारिश होने का अनुमान है। पिछली बार 18 प्रतिशत कम यानी, 82 प्रतिशत (30.9 इंच) बारिश हुई थी, जबकि भोपाल की सामान्य बारिश 37.6 इंच है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अबकी बार भले ही मानसून 3 दिन की देरी से पहुंचा, लेकिन अच्छा बरस रहा है।

## प्रदेश में भारी बारिश, 7 डैम के गेट खोलने पड़े, 36 जिलों में तेज बारिश का अनुमान

प्रदेश में लगातार बारिश होने से शुक्रवार सुबह 7 डैम के गेट खोल दिए गए हैं। भोपाल में कोलार डैम के 4, कलियासोत के 3, भदभदा के 5, नर्मदापुरम में तवा डैम के 5, अशोकनगर में राजघाट के 8, जबलपुर में बरगी के 7 और छिंदवाड़ा में माचागोरा डैम के 4 गेट खोल दिए गए हैं। प्रदेश के 6 जिलों भारी से भारी बारिश का रेड अलर्ट है। मौसम विभाग ने 30 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट भी जारी किया है। भोपाल और रायसेन के कुछ इलाकों में जलभराव की स्थिति भी बन गई है। तेज बारिश के चलते सीहोर कलेक्टर ने सभी स्कूल और आंगनवाड़ियों की छुट्टी घोषित कर दी है।

मध्यप्रदेश में सीजन की 55त्र यानी एवरेज 19.7 इंच बारिश हो चुकी है। जून और जुलाई में कोटे से ज्यादा पानी गिरा। अगस्त के पहले ही दिन प्रदेश के 23 जिलों में बारिश हुई। मानसून ट्रफ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से सिस्टम स्ट्रॉन्ग है। यह सिस्टम 5 अगस्त तक पूरे प्रदेश को तरबतर करेगा।

आईएमडी, भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि गुरुवार को मानसून ट्रफ एमपी के ऊपर रही। वेस्ट बंगाल में एक्टिव साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एमपी की ओर आने लगा। एक और साइक्लोनिक सर्कुलेशन नॉर्थ-ईस्ट राजस्थान के ऊपर है। दो अन्य सिस्टम भी एक्टिव हैं। इस वजह से प्रदेश में बारिश का दौर जारी रहा।

## बारिश में सिवनी अव्वल, 10.80 इंच पानी ज्यादा गिरा

प्रदेश में सबसे ज्यादा बारिश सिवनी जिले में 32 इंच हो गई। यह कोटे की बारिश की 10.80 इंच ज्यादा है। मंडला, नर्मदापुरम, भोपाल, रायसेन और छिंदवाड़ा ऐसे जिले हैं, जहां बारिश का आंकड़ा 25 इंच या इससे ज्यादा है। रीवा सबसे पिछड़ा जिला है। यहां 8 इंच बारिश ही हुई है। अब तक प्रदेश में ओवरऑल 9 प्रतिशत बारिश ज्यादा हो चुकी है। इसमें पूर्वी हिस्से में 2 प्रतिशत और पश्चिमी हिस्से में 15 प्रतिशत ज्यादा पानी गिरा है।

### गरीबी और असमानता की चुनौतियों के समाधान के लिए इंडिया रूरल कोलोक्वि का आयोजन

# प्राकृतिक संसाधनों के नुकसान का आंकलन जरूरी: प्रहलाद पटेल

**भोपाल।** भारत में ग्रामीण क्षेत्रों मे व्याप्त गरीबी और असमानता की चुनौतियों के समाधान के लिए अंतर-विषयक संवाद और व्यावहारिक विचार-विमर्श के लिए 'इंडिया रूरल कोलोक्वि का आयोजन ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया यानी टीआरआई द्वारा हर साल राष्ट्रीय स्तर पर किया जाता है। इस बार समृद्ध ग्रामीण मध्यप्रदेश संवाद कार्यक्रम का आयोजन मैनिट भोपाल के सभागार में मौलाना आजाद राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

इस संगोष्ठी के समापन सत्र में शामिल विशिष्ट अतिथि मध्यप्रदेश के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि अब तक हमने श्रम करने को दोयम दर्जे का माना है और प्राकृतिक संसाधनों के नुकसान का आंकलन नहीं किया। अब वो समय आ गया है जब हमें सिर्फ लेने के बारे में ही नहीं, बल्कि देने के बारे में भी सोचना होगा। हमें इस बात पर विचार करना होगा कि हमारे प्राकृतिक संसाधन हमें कितनी दूर तक ले जा सकते हैं।




**सीएम ने पत्र के जरिए दिया ये संदेश-** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पत्र के माध्यम से अपना संदेश दिया उन्होंने लिखा कि हमारे राज्य, मध्यप्रदेश, ने सामाजिक-आर्थिक विकास के सूचकांकों में निरंतर प्रगति की है. विगत वर्षों में हमारी राज्य सरकार ने एक बेहतर विकास दृष्टि और राज्य के नागरिकों के सतत विकास के लिए एक रणनीतिक रोडमैप के साथ कार्य किया है. यह हमारी दृढ़ संकल्पना और जन हितैषी नीतियों के परिणामस्वरूप संभव हुआ है कि हम गरीबी और असमानता को दूर करने में सफल हो रहे हैं।. हमें एकजुट होकर कार्य करना है, ताकि सतत ग्रामीण विकास के लिए कार्रवाई योग्य रणनीतियों को स्थानीय समुदाय और प्रशासन के सहयोग से सफलतापूर्वक लागू कर सकें. आइए, हम सब मिलकर ग्रामीण मध्य प्रदेश के विकास की इस यात्रा को एक नई दिशा दें और अपने प्रयासों से समाज को प्रगति की ओर अग्रसर करें. ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया, मैनिट एवं एनडीटीवी को इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु बधाई, एवं कार्यक्रम के सफलता की कामना करता हूं।

### समाज को कुछ देने का काम करें: प्रहलाद पटेल

प्रहलाद पटेल ने आगे कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी कमाई का कुछ हिस्सा समाज को वापस करने के बारे में भी विचार करना होगा. उन्होंने कहा कि हमें वनों के प्रबंधन पर भी विचार करना होगा, साथ ही हमारी सामाजिक एवं सांस्कृतिक विरासतों के साथ ग्रामीण अर्थशास्त्र को भी समझना होगा. एक अच्छी एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। मैनिट के डायरेक्टर केके शुक्ला ने संवाद सत्र के दौरान अपनी बात रखते हुए कहा कि देश को विकसित होने के लिए ग्रामीण भारत का विकसित होना भी अति आवश्यक है. तकनीकी हस्तक्षेप के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों का विकास महत्वपूर्ण है. हम छात्रों को ग्रामीण क्षेत्रों में समस्याओं की पहचान करने और उनके लिए तकनीकी समाधान खोजने के लिए प्रशिक्षित करने के लिए एक पाठ्यक्रम की योजना बना रहे हैं।

# दुबई में बैठे 2 भाइयों ने फर्जीवाड़ा करके 30 कंटेनर चावल उड़ाया

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच की टीम ने ऐसे युवक को पकड़ा, जो अपने सगे भाई के साथ मिलकर दुबई में धोखाधड़ी की वारदात में लिप्त था। विदेश में रहने की वजह से एक साल से उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। इसी बीच, सूचना पर अमृतसर एयरपोर्ट से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका भाई अभी फरार है और दुबई में है।



आरोपियों ने चावल खरीदकर व्यापारी को भुगतान की फर्जी रसीदें थमा दी थी। क्राइम ब्रांच के एडिशनल पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि इंदौर निवासी व्यापारी प्रवीण जिंदल की कंपनी विवेक ट्रेडिंग तथा अपवेंचर को ब्रोकर के जरिए दुबई की कंपनी स्टार कमोडिटीज ने 30 कंटेनर बासमती चावल की टुकड़ी का सौदा करते हुए कहा कि माल डकार पोर्ट सेनेगल देश जो कि अफ्रीका में स्थित है वहां तथा कुछ माल आबिदजान पोर्ट पर आर्वरी कोस्ट देश में भेजना है। तय सौदे के मुताबिक माल भेजने से पूर्व 10त्न राशि का भुगतान हो जाना था, लेकिन दुबई की कंपनी स्टार कमोडिटीज के मालिक नितिन पिता सुरजीत राणा तथा उसके भाई नीरज ने भुगतान नहीं किया।

व्यापारी द्वारा दबाव बनाने पर 1-2 दिन में भुगतान का आश्वासन दिया। व्यापारी ने मुंद्रा पोर्ट गुजरात से तय सौदे अनुसार माल रवाना कर दिया, जिसका भुगतान आरोपियों ने नहीं किया। बार-बार भुगतान का कहने पर आरोपियों ने कई बार फर्जी रसीद भेजकर फरियादी को विश्वास दिलाया कि पैसे ट्रांसफर कर दिए गए हैं।

# वायनाड में 13 फुटबॉल मैदान जितनी बड़ी जगह में मची तबाही, सैटेलाइट तस्वीरों ने चौंकाया

**वायनाड।** वायनाड में मंगलवार तड़के कुदरत का ऐसा कहर बरपा कि सैकड़ों जिंदगियां मौत के मुंह में समा गई. कई घायल हैं और ऐसे लोगों की भी संख्या काफी बड़ी है जो परिवार से अलग हो गए हैं, अकेले रह गए हैं और बिछड़ गए हैं. बड़ी संख्या में लोग लापता भी हुए हैं और इनमें से कई ऐसे हैं, जिनकी जीवित बचे रह जाने की उम्मीद कम ही है. आंकड़ों में बात करें तो अब तक 256 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है. लैंडस्लाइड के कारण 4 गांव मलबे में तब्दील हो गए हैं और अब वहां कुछ नहीं बचा है।

इस भीषण आपदा को लेकर इसरो ने भी चिंता जताई है और अपनी एक स्टडी में कहा है कि वायनाड में जितने बड़े हिस्से पर लैंडस्लाइड का प्रभाव पड़ा है, वह भूखंड इतना बड़ा है कि इस एरिया में 13 से अधिक इंटरनेशन फुटबॉल ग्राउंड बनाए जा सकते थे. लैंड स्लाइड के कारण इतना बड़ा भूखंड इरुवाझिनझी नदी में समा गया है और इसी हिस्से पर बसे लोग मलबों के साथ बह गए. केरल के वायनाड के तीन गांवों में 250 से अधिक लोगों की मौत हो गई है।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने भूस्खलन








वाले क्षेत्र का एरियल सर्वे किया. सैटेलाइट डेटा पर बेस्ड असेसमेंट में सामने आया कि लैंडस्लाड में लगभग 86,000 वर्गमीटर एरिया धसकते हुए मलबे में तब्दील हो गया. फीफा के नियमों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए फुटबॉल मैदान का आकार कम से कम 6,400 वर्गमीटर होना चाहिए. इस तरह देखा जाय तो यहां 13 से अधिक मैदान बनाए जा सकते थे।

31 जुलाई को अपने ऋढ्डस्ज्ञ-2क्क्सैटेलाइट द्वारा कैप्चर की गई सैटेलाइट इमेजरी के आधार पर इसरो के विश्लेषण में कहा गया है कि भूस्खलन से हुआ कीचड़, बड़े पत्थरों और उखड़े हुए पेड़ों के साथ लगभग 8 किमी तक बहता रहा और आखिरकार चेलियार नदी की एक सहायक नदी में गिर गया. इसरो ने कहा, बहते आ रहे मलबे की तेज गति ने इरावानीफुज़ार नदी के मार्ग को चौड़ा कर दिया है, जिससे इसके किनारे टूट गए हैं।

आपदा में जो जीवित बचे वह इसकी विभीषिका बताते हुए अभी भी कांप उठते हैं. उन्होंने इस मलबे को कीचड़ की दीवार कहा है और उनका कहना है कि इसी के कारण सैकड़ों घर और कई बुनियादी ढांचे दफन हो गए। इस आपदा के केंद्र में इरुवाझिंझी नदी है, जो मुंडक्कई से लगभग 3 किमी ऊपर पहाड़ियों से निकलती है. इसरो ने कहा कि भूस्खलन समुद्र तल से लगभग 1500 मीटर की ऊंचाई पर हुआ।

इलाके के मानचित्रण से पता चला है कि आबादी वाले इलाकों के करीब पहुंचने पर नदी तेजी से और लगातार अपनी ऊंचाई खोती जा रही है. इसका मतलब यह भी है कि जैसे-जैसे यह नीचे की ओर बहती है इसकी धाराएं मजबूत होती जाती हैं. इसके रास्ते में पहला शहर, मुंडक्कई, लगभग 950 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है. इसका मतलब है कि नदी की ऊंचाई प्रोफ़ाइल लगभग 3 किमी की दूरी में लगभग 550 मीटर कम हो जाती है।

अधिकारियों ने कहा कि विथिरी में 48 घंटों में लगभग 57 सेमी बारिश हुई, जिससे विनाशकारी घटना हुई. खबर में पहले रिपोर्ट किया था कि नदी में 2020 में भी इसी तरह का भूस्खलन-प्रेरित स्लश रन देखा गया था. सामने आई नई इसरो इमेजरी से पता चला है कि मंगलवार का भूस्खलन 2020 वाली जगह पर ही हुआ है, लेकिन इस बार यह काफी बड़ा और विभीषिका वाला था, जिससे नुकसान भी भीषण हुआ है।